हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




आज जब हर कोई बेहतर सुविधा की चाह रखता है। बड़े शहरों-राजधानियों में पोस्टिंग की होड़ के बीच बरसों से सुदूर आदिवासी इलाके में जान जोखिम में डालकर भगवान बने कुछ डॉक्टरों की सेवा देखकर गर्व से दिल भर जाता है।



# आदिवासियों के देवदूत... डॉक्टर टक्का

## जिन्होंने इलाज के लिए पहाड़ जैसी मुसीबतों को भी बौना बना दिया

डॉक्टर-डे पर विशेष

महेंद्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

कभी धुर नक्सली प्रभावित इलाके का पर्याय रहा बस्तर का जगरगुंडा। नक्सल खात्मे के बाद विकास से वंचित दुर्गम इलाके के रूप में जाना जाता है। यहां के कई गांव पहुंचविहीन हैं, जहां पहाड़, नदी-नाले पार करते हुए पैदल ही पहुंचा जा सकता है। ऐसे इलाके में 15 साल से आदिवासियों की अनवरत ▶▶|शेष पेज 7 पर



### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 15 वर्षों से दे रहे सेवाएं

डॉ. ठाकुर ने बताया कि वे दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 15 वर्षों से टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, मौसमी बीमारी पर नियंत्रण जैसी सेवाएं दे रहे हैं। जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य ▶▶|शेष पेज 7 पर

### स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती

*ऐसे गांवों में मलेरिया जैसी बीमारी स्वास्थ्य विभाग के लिए आज भी चुनौती है। मलेरिया की वजह से महिलाओं में एनीमिया एवं बच्चों में कुपोषण बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए* ▶▶|शेष पेज 7 पर



### पहाड़ लांघकर पहुंच जाते हैं

*प्रो गुमड़ी, काकड़ी, कोंडासावली के ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र सर्वाधिक नक्सल प्रभावित एवं सड़क नहीं होने से एम्बूलेंस एवं स्वास्थ्य कर्मी नहीं पहुंच पाते हैं, लेकिन टक्का डॉक्टर बाइक से फिर पैदल नदी पहाड़ लांघकर पहुंच जाते हैं। अंदरूनी इलाकों में आज भी कई क्षेत्रों में पक्की सड़क या पुल न होने के कारण मरीजों को खटिया पर ले जाना पड़ता है।* ▶▶|शेष पेज 7 पर

# डॉ. भेषज की ऐसी दास्तां, जो डॉक्टरों को 'भगवान' बनाती है

विजय पांडेय ▶▶| कांकेर

हम अक्सर कहते हैं कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं, लेकिन इस आधुनिक दौर में जब चिकित्सा एक पेशा बन चुकी है, तब छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग का एक दुर्गम कोना 'अंतागढ़' मानवता की एक ऐसी मिसाल पेश करता है, जो गर्व से भर भी देती है। यह कहानी किसी फिल्मी नायक की नहीं, बल्कि हाड़-मांस के उस सच्चे 'मसीहा' की है, जिसने पिछले ▶▶|शेष पेज 7 पर



### उफनती नदी और वो जानलेवा रस्सी

बरसात के दिन थे, नदियां उफान पर थीं। अंदरूनी 30-35 गांवों को जोड़ने वाला ईरागांव का लकड़ी का पुल डूब चुका था, लेकिन डॉ. रामटेके को गांवों से आती चीखें सुनाई दे रही थीं। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए उफनती नदी में केवल एक रस्सी के सहारे पार होने का फैसला किया। कोयलीबेड़ा के ऐसे ही एक हादसे में तो वे तेज बहाव में बहते-बहते बचे थे, लेकिन उनके हाथ से मरीजों की दवाइयों का थैला और दिल से फर्ज का जज्बा कभी नहीं छूटा।

### वो 20 दिन, एक ही पैंट-शर्ट और मौत से सीधी जंग

*साल 2005 में मुल्ले गांव में भयानक हैजा (उल्टी-दस्त) फैल गया। 20 से अधिक लोग दम तोड़ चुके थे। डॉ. रामटेके सिर्फ स्थिति का जायजा लेने गए थे, लेकिन जब वहां लाशों के ढेर और तड़पते मरीजों को देखा, तो उनका डॉक्टर का दिल रो पड़ा, वो वापस नहीं लौटे। लगातार 20 दिनों से अधिक समय तक वे एक ही पैंट-शर्ट में चौबीसों घंटे वहीं शिविर लगाकर मरीजों की जान बचाते रहे।*



### एक लाख की आबादी का इकलौता 'विश्वास'

*आज के दौर में जहां हर छोटे शहर में प्राइवेट अस्पतालों की बाढ़ है, आपको यह जानकर हैरत होगी कि अंतागढ़ के इस पूरे एक लाख की आबादी वाले क्षेत्र में आज भी कोई निजी अस्पताल, निजी डॉक्टर या नर्सिंग होम नहीं है। साल 2003 में जहां इस अस्पताल की ओपीडी और आईपीडी में गिने-चुने लोग आते थे, वहीं आज इस अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों की कतार लगती है। तीन बार डॉक्टर साहब का ट्रांसफर हुआ, लेकिन हर बार जनता का अटूट प्यार और उनका अपना फर्ज उन्हें वापस इसी मिट्टी में खींच लाया। आज यह अस्पताल सिर्फ एक सरकारी इमारत नहीं, बल्कि इस अंचल के आदिवासियों के लिए 'आस्था और विश्वास का मंदिर' बन चुका है।*

### सफलता का फहराया परचम

*स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन सुधार के लिए अंतागढ़ अस्पताल को कायाकल्प पुरस्कार में लगातार 5 वर्षों तक पूरे बस्तर संभाग में प्रथम स्थान मिला। वहीं वर्ष 2025 में इस दुर्गम अस्पताल ने पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया।*

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹106359/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹129900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹141798/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

## खबर संक्षेप

### जनरल सेठ ने संभाला सेना प्रमुख का पदभार



**नई दिल्ली।** 12 लाख सैनिकों वाली भारतीय थलसेना को नया सेना प्रमुख मिल गया है। जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को सेना के प्रमुख (आर्मी चीफ) का पदभार संभाल लिया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी का कार्यकाल पूरा होने के बाद एक आधिकारिक समारोह में उन्होंने सेना की कमान जनरल धीरज सेठ को सौंपी।

### गेट्स फाउंडेशन को दान रोका बफे ने

**वाशिंगटन।** बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन वॉरेन बफे ने इस साल गेट्स फाउंडेशन को होने वाला अपना नियमित मध्य-वर्षीय अरबों डॉलर का दान फिलहाल रोक दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, वे फाउंडेशन और दिवंगत यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के संबंधों की बाहरी समीक्षा पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गेट्स फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने एपस्टीन से जुड़े फाउंडेशन के पुराने संपर्कों की स्वतंत्र जांच कराई है।

### आसाराम को सुप्रीम झटका नहीं मिलेगी जमानत



**नई दिल्ली।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जोधपुर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू संत आसाराम को देश की सर्वोच्च अदालत से एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की उस याचिका पर तुरंत कोई भी अंतरिम राहत या जमानत देने से साफ इंकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने खराब स्वास्थ्य और इलाज का हवाला देकर जेल से बाहर आने की गुहार लगाई थी।

### संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से होगा शुरू!

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो सकता है और इसके तीन सप्ताह तक चलने की संभावना है। हालांकि, संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने अभी इसपर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। आमतौर पर मानसून और शीतकालीन सत्रों में 20 बैठकें होती हैं और ये चार सप्ताह तक चलते हैं, लेकिन अतीत में इससे कम अवधि के सत्र आयोजित किए जाने के भी उदाहरण रहे हैं। यह मानसून सत्र पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों की जीत के बाद होने जा रहा है।

## रेत कारोबार से जुड़ी रंजिश में तीन भाइयों को जिंदा जला दिया था

# ट्रिपल मर्डर की होगी सीबीआई जांच परिजनों का आरोप- 'बड़े लोगों' का हाथ

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में राज्य सरकार ने मंगलवार को सीबीआई से जांच कराने की सहमति दे दी है। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से ही परिजन सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे।

गौरतलब है कि 16 जून की रात ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। आरोपियों ने कार में आग लगा दी थी, जिसमें जिंदा जलने से भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह, नागेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया था। मामले में कोरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, मन्नू त्रिपाठी, निशांत त्रिपाठी पिता सत्य कुमार त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी पिता राममिलन त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी पिता महेंद्र त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी पिता अंजनी त्रिपाठी, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जघन्य हत्याकांड के बाद परिजन कर रहे थे सीबीआई जांच की मांग

### सोनहत थाने में दर्ज है मामला

कोरिया जिले के सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम नौगई में हुए तिहरे हत्याकांड मामले में अब तक कुल 12 आरोपी जेल दाखिल करा दिए गए हैं। मामले में प्रार्थी आदित्य सिंह पिता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह निवासी महलपारा बैकुंठपुर की सूचना पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 66/2026 के तहत धारा 190, 191(2), 191(3), 109, 324, 103(1), 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।


तीन मौतों से सोनहत इलाके में दहशत, सात पर केस, चार गिरफ्तार
रेत खनन पर खूनी संघर्ष
भाजपा नेता को दो भाइयों समेत फॉर्च्यूनर में जिंदा जलाया

### पूर्व सीएम भी पहुंचे थे मिलने

कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में 24 जून को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोरिया पहुंचे थे। उन्होंने भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की थी और सीबीआई जांच की मांग की थी।

### पीड़ित परिवार की मांग

कोरिया जिले के नौगई तिहरे हत्याकांड मामले में पीड़ित परिवार शुरुआत से ही सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। परिजन की मांग रही कि घटना में प्रयुक्त वाहनों, हथियारों, ज्वलनशील पदार्थों एवं अन्य साधनों की वैज्ञानिक जांच कर सभी साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने अभियोजन को मजबूत करते हुए मामले का त्वरित निराकरण फास्ट ट्रैक न्यायालय के माध्यम से कराने की पहल की मांग की थी। इसके अलावा अपराध से जुड़ी अवैध गतिविधियों, अवैध संपत्तियों और कारोबार की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को शासन की नीति के अनुसार आर्थिक सहायता, सुरक्षा और न्यायिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई थी।

### परिजन से मिले करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष

*बहुचर्चित नौगई हत्याकांड में मृतकों के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने 29 जून को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत बैकुण्ठपुर पहुंचे। उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर, दिल्ली से संगीता सिंह सहित सहयोगी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने नौगई हत्याकांड को लेकर कहा कि क्षत्रिय किसी से डरते नहीं हैं और अन्याय के खिलाफ लड़ना जानते हैं। हत्याकांड में शामिल आरोपियों का एनकाउंटर की कार्रवाई होनी चाहिए, नहीं तो हम अपनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाए, चाहे आरोपी कोई भी हो। सरकार और प्रशासन को लेकर उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो हम इसका विरोध करेंगे और सरकार को इसका जवाब देना होगा।*

# राम मंदिर चंदा चोरी पर सियासी संग्राम, राय-यादव सहित कई दिग्गज नजरबंद

### पदयात्रा और विरोध प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेस-सपा नेताओं पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर के बहुचर्चित चंदा चोरी और दान गबन मामले ने अब एक बड़े सियासी संग्राम का रूप ले लिया है। रामलला के खजाने में कथित लूट के खिलाफ अयोध्या में पदयात्रा और विशाल विरोध प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेस और सपा के दिग्गज नेताओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोककर हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर लिया है। होटल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और उन्हें किसी से भी मिलने या बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता और अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है ताकि अयोध्या में अशांति न फैल सके।

**राय, किशोरी, तनुज पर लिया एक्शन:** कांग्रेस के एक विशेष ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सपा नेता धर्मेंद्र यादव भी नजरबंद

*कांग्रेस के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं पर भी पुलिस ने कड़ा पहरा लगा दिया है। चंदा चोरी के मुद्दे पर विरोध दर्ज कराने जा रहे सपा के वरिष्ठ नेता और सांसद धर्मेंद्र यादव और सपा सांसद-विधायकों को भी पुलिस ने एहतियातन हाउस अरेस्ट कर लिया है।*

### केजरीवाल को दर्शन करने देते हैं, लेकिन हमें नहीं : राय

*एक चैनल से बात करते हुए यूपी कांग्रेस अध्यक्ष राय ने कहा कि लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है और हमें नजरबंद कर दिया गया। सरकार क्यों डरी हुई है? उन्होंने दावा किया कि एसआईटी जांच में सिर्फ लीपापोती हो रही है। भेदभाव हो रहा है। अरविंद केजरीवाल को दर्शन करने देते हैं लेकिन हमें नहीं।*

### चंपत समेत सभी की हो जांच : वीएचपी



अयोध्या राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी और गबन के मामले पर बढ़ते विवाद के बीच विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने पूर्व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय के फैसलों से सार्वजनिक रूप से दूरी बना ली है। साथ ही संगठन ने पूरे मामले की व्यापक जांच कराने की मांग की है। एक चैनल से बातचीत में वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि चंपत राय ने खुद सबसे पहले जांच के लिए पेश होने की पेशकश की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्रस्ट की एफआईआर सिर्फ आठ लोगों तक सीमित नहीं है।

# हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद 5 को महासमुंद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकास, प्रगति और आगामी संभावनाओं सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर हरिभूमि-आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन शहर के बागबाहरा मार्ग स्थित अंबेडकर भवन में 5 जुलाई रविवार शाम 4 बजे होने जा रहा है। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथिगण हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देंगे। साथ ही जिले के आगामी विकास को लेकर चर्चा होगी। अतिथियों में जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महासमुंद की सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, डॉ. संपत अग्रवाल, द्वारिकाधीश यादव व श्रीमती चातुरी नंद शामिल होंगी।



कार्यक्रम में जिले के विकास, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर खुलकर चर्चा की जाएगी। इस दौरान आम जनता और विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रतिनिधियों के सवालों के माध्यम ▶▶|शेष पेज 7 पर


## बीते 8-9 महीने से चल रहा था फर्जीवाड़ा, तीन गिरफ्तार

# पुलिस विभाग की वेतन शाखा में 3 करोड़ का गबन, आडिट टीम ने पकड़ा घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस विभाग की वेतन शाखा में बीते 8-9 महीने से ऑनलाइन वेतन ट्रांसफर में हेरफेर कर अपनों के खातों में अतिरिक्त राशि भेजे जाने का खेल चल रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब रायपुर से आडिट टीम ने गड़बड़ी पकड़ी। इस अवधि में लगभग 3 करोड़ 5 लाख से अधिक राशि गबन की जा चुकी थी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- ऑनलाइन वेतन ट्रांसफर में हेरफेर कर अपनों के खातों में भेजी जा रही थी अतिरिक्त राशि



### जांच टीम खंगाल रही दस्तावेज

जांच एजेंसियां अब बैंक खातों के लेन-देन, डिजिटल रिकॉर्ड, वेतन भुगतान सॉफ्टवेयर और संबंधित दस्तावेजों की तकनीकी जांच भी कर रही है। इसके लिए साइबर और वित्तीय विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है ताकि गड़बड़ी की पूरी श्रृंखला का पता लगाया जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस पूरे मामले में वेतन शाखा के अन्य ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

*प्रारंभिक जांच में वेतन भुगतान प्रक्रिया के दौरान निर्धारित राशि से अधिक धनराशि आहरित किए जाने के तथ्य सामने आए हैं। वेतन शाखा में कार्यरत तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है तथा जांच के आधार पर आगे और भी कार्रवाई की जाएगी।*

*शलभ कुमार सिन्हा, एसपी बस्तर*

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू सेंटर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# कड़ी सुरक्षा के बीच टोकन वितरण शुरू, आज से रजिस्ट्रेशन भी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

अमरनाथ यात्रा के लिए टोकन बांटने की प्रक्रिया मंगलवार को जम्मू में शुरू कर दी गई। यहां पर कड़ी सुरक्षा में यह प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए इस जगह पर 10 टोकन वितरण काउंटर बनाए हैं। कुल 1,600 टोकन जारी किए गए हैं, जिनमें से 800 पहलगाम रूट के लिए और 800 बालटाल रूट के लिए हैं। टोकन का वितरण सुचारू और सुरक्षित ढंग से हो, इसके लिए तवी रिवर फ्रंट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

- 3 जुलाई से शुरू हो रही बाबा बर्फानी की यात्रा 28 अगस्त को होगी समाप्त

### 18 ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन और टोकन काउंटर

अमरनाथ यात्रा के लिए, जम्मू जिला प्रशासन ने 18 ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन और टोकन काउंटर बनाए हैं। इनमें से दस टोकन काउंटर तवी रिवरफ्रंट सेंटर पर काम करते हैं जबकि अन्य काउंटर गीता भवन, राम मंदिर (पुरानी मंडी), भगवती नगर और रेलवे स्टेशन पर हैं। टोकन मिलने के अगले दिन टोकन धारकों का ई-केवाईसी और आरएफआईडी रजिस्ट्रेशन किया जाता है।



### फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

जम्मू के डिप्टी कमिश्नर राकेश मिन्हास ने चेतावनी दी है कि जो लोग या अनधिकृत केंद्र यात्रियों से पैसे ठगकर फर्जी कूपन या टोकन देते हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चाहे कोई स्थानीय हो या बाहर का, धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### आम लोगों को नहीं होगी परेशानी

एक राहत की बात यह है कि इस साल यात्रा के दौरान शहर की कोई भी सड़क बंद नहीं की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों, दोनों को आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। हर यात्री को खुद लाइन में लगकर अपना टोकन लेना होगा। किसी दूसरे के बदले टोकन नहीं मिलेगा। नियमों के मुताबिक, 13 साल से कम उम्र के बच्चों और 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को यात्रा की इजाजत नहीं है।

### दो रूट से होगी यह यात्रा

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू होगी और 28 अगस्त को समाप्त होगी। समुद्र तल से 3880 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह गुफा मंदिर कश्मीर हिमालय में अनंतनाग जिले में है। यात्री या तो लंबे पारंपरिक पहलगाम बेस कैंप रूट का इस्तेमाल करते हैं या छोटे बालटाल रूट का। पहलगाम रूट का इस्तेमाल करने वाले लोग चार दिन बाद गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं जबकि बालटाल रूट का इस्तेमाल करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं।

## दोहा वार्ता पर संकट

# ट्रंप के दावे पर ईरान ने दिया जवाब अमेरिका के साथ कोई बैठक तय नहीं

एजेंसी ▶▶| तेहरान

कतर में अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली बातचीत पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि तेहरान के साथ मंगलवार को दोहा में बातचीत होगी लेकिन वह नहीं हुई। हालांकि दोनों देशों के नेता कतर पहुंचे हैं जिससे संभावना है कि आज या कल बैठक के लिए सहमति बन सकती है। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने बैठक का अनुरोध किया है, लेकिन तेहरान ने इस बात से इनकार कर दिया है। तेहरान ने कहा है कि ऐसी कोई बैठक तय नहीं हुई है। इस बयान ने दोनों देशों के बीच नाजुक शांति समझौते पर संकट गहरा कर दिया है।



### मंगलवार को कतर में होनी थी बैठक

इससे पूर्व सोमवार को वॉशिंगटन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान से जुड़ी बातचीत कतर में होने वाली है। उन्होंने जोर दिया कि इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित होगा। उन्होंने कहा, कल (मंगलवार) को दोहा में इस पर एक बैठक होगी। हम नहीं चाहते कि उनके पास परमाणु हथियार हों और उनके पास परमाणु हथियार नहीं होंगे। उन्होंने ईमानदारी से इस बात पर सहमति जताई है।

### ईरान ने खारिज किया ट्रंप का दावा

इसके पहले ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर दावा किया था कि ईरान ने बैठक का अनुरोध किया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी भी स्तर पर कोई बातचीत नहीं होगी।

### अमेरिका और ईरान की टीमें जा रहीं दोहा

बातचीत को लेकर अनिश्चितता के बीच पहले सामने आया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर दोहा जा रहे हैं और वहां ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। ईरान का एक तकनीकी प्रतिनिधिमंडल दोहा जा रहा है। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस यात्रा का अमेरिकी अधिकारियों की मौजूदगी से कोई लेना-देना नहीं है।

### अमरीका सुधरे तो बैठक की संभावना ईरानी अधिकारी

ईरान के बातचीत से इनकार के बावजूद रॉयटर्स ने तेहरान के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि दोहा में बैठक हो सकती है लेकिन उससे पूर्व अमेरिका को अपने बर्ताव में सुधार लाना होगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बुधवार को अमेरिकी और ईरानी तकनीकी टीमों की कतर और पाकिस्तान के मध्यस्थों के साथ अलग-अलग बैठक होने की उम्मीद है।

### मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति से बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फ़ोन पर बातचीत की। पेजेश्कियन ने उन्हें पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं और आगे की राह के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में उन्होंने भारत और दुनिया के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही की आजादी के महत्व को फिर से दोहराया। पीएमओ के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने बनी सहमति का स्वागत किया और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।

---

भारत की नई कूटनीतिक पहल

# पड़ोसी देशों में राजनीतिक दिग्गजों को सौंपी जाएगी अहम जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत सरकार ने अपने पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक रूप से और मजबूत करने की एक व्यापक योजना तैयार की है। बताया जा रहा है कि इसके तहत आठ से नौ महत्वपूर्ण देशों में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले वरिष्ठ नेताओं को उच्चायुक्त या राजनीतिक दूत नियुक्त किया जाएगा।



सूत्रों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत सरकार पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तों को और रिश्तों को और मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### बांग्लादेश की तर्ज पर होंगी नियुक्तियां

*सरकार ने इस नई कूटनीतिक रणनीति को धरातल पर उतारने के लिए सबसे पहला कदम उठाते हुए वरिष्ठ नेता दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश की तरह ही नेपाल और श्रीलंका जैसे रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील पड़ोसी मुल्कों में भी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले कद्दावर चेहरों को प्रतिनिधियों की नियुक्ति की तैयारियां की जा रही है।*

### 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति को मिलेगी नई ताकत

इस पूरे कूटनीतिक बदलाव का एकमात्र उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'नेबरहुड फर्स्ट' यानी 'पड़ोसी पहले' की विदेश नीति को और ज्यादा आक्रामक तथा प्रभावी बनाना है। सरकार का मानना है कि जिन नेताओं के पास अंतरराष्ट्रीय मामलों और विशेष रूप से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की गहरी समझ है, वो भारत के रणनीतिक हितों को ज्यादा मजबूती से आगे बढ़ा सकेंगे और विपरीत वैश्विक परिस्थितियों में देश के संदेश को सही ढंग से पड़ोसी देशों तक पहुंचा सकेंगे।

## पांच महिलाएं सरयू नदी में डूबीं, तीन शव बरामद

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंगलवार को 5 महिलाएं सरयू नदी में डूब गईं। मृतकों में 3 किशोरियां और 2 महिलाएं शामिल हैं। अभी 3 लोगों के शव मिले हैं। हादसा रौनाही थाना क्षेत्र के सनाहा गांव में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बचाव दल की मदद से 3 लोगों को बाहर निकाला था, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अभी 2 लोगों को ढूंढने का अभियान चल रहा है। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। अभी तक सजरुल, साहिन बानो और मरियम का शव बरामद कर लिया गया है। उनके साथ नदी में गईं नरगिस और महक बानो लापता हैं। उनके शव ढूंढने के लिए पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय लोग अभियान चला रहे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

---

निहंगों ने तोड़े पुलिस बैरिकेड्स

# मोहाली गुरुद्वारे में जमानत जश्न बना अखाड़ा, निहंगों में हुई झड़प



एजेंसी ▶▶| मोहाली

मोहाली के गुरुद्वारा सिंह शहीदन में माहौल तब तनावपूर्ण हो गया, जब 4 निहंग सिखों की जमानत का जश्न मनाया जा रहा था। इसी दौरान वहां झड़प हो गई। ये चारों निहंग हाल ही में कर्णप्रयाग मामले में जमानत पर रिहा हुए थे। पुलिस ने तुरंत दखल देकर हालात पर काबू पाया। फिलहाल कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन डीसीपी हरसिमरत सिंह चेत्रा का कहना है कि जरूरत पड़ने पर कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### पुराना विवाद झड़प की वजह

गुरुद्वारे के प्रमुख हरजिंदर सिंह बैदवान के मुताबिक, निहंग सिखों के बीच चले आ रहे पुराने विवादों ने इस झड़प को और भड़का दिया। वैसे भी, गुरुवार देर रात कुलहल चेकपॉइंट पर हुए एक हालिया विरोध प्रदर्शन के बाद से ही माहौल गरमाया हुआ था। उस दौरान कुछ निहंगों ने पुलिस बैरिकेड्स भी तोड़ दिए थे, जिसके बाद उनके पूरे रास्ते में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। इन्हीं सब कारणों की वजह से, जो खुशी का मौका था, उसमें भी तनाव साफ झलक रहा था।

छेड़खानी का विरोध करना पड़ा भारी

# पुलिस की गाड़ी से खींचकर युवक की हत्या, 3 सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| जमशेदपुर

झारखंड के जमशेदपुर में छेड़खानी का विरोध करना एक युवक को बहुत भारी पड़ गया, जिसका खामियाजा उसे अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। बिष्टुपुर इलाके के एक बार में हुए विवाद के बाद बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी से दो युवकों को खींचकर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल हिमांशु सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पूरे शहर में आक्रोश फैल गया। आक्रोश को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में मौजूद एक बार में कथित तौर पर महिलाओं से छेड़खानी की घटना हुई। हिमांशु सिंह और उनके एक साथी ने उसका विरोध किया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और विवाद बढ़ गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अपने वाहन में बैठा लिया।

### इलाके में तनाव 10 पर मामला दर्ज

हिमांशु सिंह की मौत की खबर फैलते ही सैकड़ों लोग बिष्टुपुर गोलचक्कर पर जमा हो गए और बड़े पैमाने पर सड़क जाम कर दी। वहीं इस मामले में पुलिस ने बार मालिक सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

विरोध प्रदर्शन ने बढ़ाई पाक की परेशानी, सड़कों पर उतरे हजारों लोग

# राशन की नाकेबंदी से पाक पर भड़के पीओके के लोग, बोले- भारत की सीमा खोल देंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीओके में जेएएसी के नेतृत्व में लोग सस्ते राशन, बिजली, पानी, बेहतर सड़कें, रोजगार और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा इस महीने की शुरुआत में जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगाने के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में इस्लामाबाद के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है। पीओके के रावलकोट के ऐतिहासिक ईदगाह मैदान में जुटे हजारों प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई, तो वे पीओके की भारत सहित सभी सीमाएं खोल देंगे।



### खाद्य आपूर्ति की नाकाबंदी से भड़के लोग

एक सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय आंदोलनकारी नेता अमन खान ने पाकिस्तान सरकार की दमनकारी नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा- इस्लामाबाद जानबूझकर इस क्षेत्र में जरूरी खाद्य पदार्थों और राशन की आपूर्ति को रोक रहा है। क्षेत्र में आटे, बिजली और बुनियादी सुविधाओं की भारी किल्लत और आसमान छूती कीमतों के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है, जिसके चलते अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया गया है।

### पीओके को पाक की जरूरत नहीं : जेएएसी

आंदोलनकारी नेता अमन खान ने अपने भाषण में एक बेहद संवेदनशील और रणनीतिक चेतावनी देते हुए कहा कहा कि पीओके के लोगों को पाकिस्तानी सरकार की जरूरत नहीं है, बल्कि पाकिस्तान को पीओके की जरूरत है। अगर पाकिस्तानी सरकार ने खाद्य आपूर्ति को रोकना जारी रखा, तो सीमाएं भारत की तरफ खुल सकती हैं और पाकिस्तान को यहां के लोगों से यहीं रुकने के लिए भीख मांगनी पड़ेगी।

**एलओसी पर 9 जून से जारी हैं विरोध प्रदर्शन :** रावलकोट में उपजा यह जन-आक्रोश कोई तात्कालिक घटना नहीं है। प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा समूह बीते 9 जून से लगातार नियंत्रण रेखा के पास धरने पर बैठा हुआ है।


# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

CSPDCL
**Chhattisgarh State Power Distribution Company Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
(cin:U40108CT2003SGC015822)

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अंतिम ट्रू-अप, नियंत्रण अवधि वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 के बहुवर्षीय टैरिफ हेतु सकल राजस्व आवश्यकता एवं वर्ष 2026-27 हेतु विद्युत आपूर्ति की फुटकर दरों के निर्धारण हेतु याचिका माननीय छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसे याचिका क्रमांक 103/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया। माननीय आयोग द्वारा जनसुनवाई एवं आवश्यक जांच परख पश्चात्, वर्ष 2026-27 के लिये टैरिफ आदेश **दिनांक 15.06.2026** को जारी किया है। इस आदेश में वितरण कंपनी के लिए वर्ष 2026-27 हेतु रू. 7.13 प्रति यूनिट औसत आपूर्ति दर पर **रू. 28347.45 करोड़** की शुद्ध वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकृत की गई है जिसमें ट्रू-अप वर्ष 2024-25 का **रू 3884.29 करोड़** की राजस्व कमी (गैप) समाहित है। इस टैरिफ आदेश में वर्ष 2026-27 के लिए निम्नदाब एवं उच्चदाब पर आपूर्ति हेतु विद्युत दरों का निर्धारण भी किया गया है जिसका सारांश नीचे तालिका में दर्शाया गया है। नई दरें **दिनांक 01.07.2026 से 31.03.2027** अथवा आगामी टैरिफ आदेश के प्रभावशील होने की तिथि, जो भी बाद में हो, तक लागू रहेंगी:-

### वर्ष 2026-27 के लिए विद्युत दरें

1. **निम्न दाब टैरिफ:**

| टैरिफ श्रेणी | उपभोक्ता का वर्ग | यूनिट स्लैब | नियत प्रभार | ऊर्जा प्रभार (रू./केडब्ल्यूएच) | मासिक न्यूनतम प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| एलवी-1 | घरेलू | | | | |
| | घरेलू सहित बीपीएल उपभोक्ता | 0-100 यूनिट | रू. 20/- प्रति कि.वा. प्रति माह स्वीकृत भार 5 कि.वा. तक; रू. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह स्वीकृत भार 5 कि.वा. से अधिक और 10 कि.वा. तक; रू. 50/- प्रति कि.वा. प्रति माह स्वीकृत भार 10 कि.वा. से अधिक | 4.40 | नियत प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| | | 101-200 यूनिट | | 4.50 | |
| | | 201-400 यूनिट | | 6.00 | |
| | | 401-600 यूनिट | | 7.00 | |
| | | 601 एवं उससे अधिक यूनिट | | 8.80 | |
| **एलवी-2** | **गैर-घरेलू उपभोक्ता** | | | | |
| एलवी-2.1 | सिंगल फेस गैर-घरेलू (5 किलोवाट तक) | 0-100 यूनिट | रू.60 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.50 | नियत प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| | | 101-400 यूनिट | | 7.60 | |
| | | 401 एवं उससे अधिक यूनिट | | 9.10 | |
| **एलवी-2.2** | **थ्री फेस गैर-घरेलू** | | | | |
| (अ) | 15 किलोवाट तक | 0-400 यूनिट | मांग प्रभार- बिलिंग डिमांड पर रू.130/कि.वा./माह | 7.50 | संविदा मांग पर मांग प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| | | 401 एवं उससे अधिक यूनिट | | 9.00 | |
| (ब) | 15 किलोवाट से अधिक | सभी यूनिटों पर | मांग प्रभार - बिलिंग डिमांड पर रू. 210/कि.वा./माह | 8.40 | |
| एलवी-2.3 | इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन | सभी यूनिटों पर | - | 7.13 | |
| एलवी-3 | एल.वी. कृषि | - | रू.100/एचपी/माह | 6.20 | नियत प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| **एलवी-4** | **एल.वी. कृषि सहवर्ती कार्य** | | | | |
| एलवी-4.1(अ) | 25 एचपी तक | - | रू.100 प्रति एचपी प्रति माह या रू.134 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.10 | नियत प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| एलवी-4.1(ब) | 25 एचपी से अधिक | - | रू.110 प्रति एचपी प्रति माह या रू.147 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.65 | |
| एलवी-4.2 | मांग आधारित टैरिफ संविदा मांग 15 किलोवाट एवं अधिक | - | रू.210 प्रति कि.वा. प्रति माह बिलिंग डिमांड पर | 6.85 | संविदा मांग पर मांग प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| **एलवी-5** | **निम्नदाब उद्योग** | | | | |
| एलवी-5.1 | फ्लोर मिल, हॉलर, पावरलूम, मसाला ग्राइंडिंग के लिए ग्राइंडर्स, टेराकोटा, हेण्डलूम, हेंडीक्राफ्ट, एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट्स, न्यून वन उत्पाद 25 एचपी या 18.7 कि.वा. तक | - | रू.80/कि.वा./माह बिलिंग डिमाण्ड पर | 5.35 | संविदा मांग पर मांग प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| (अ) | बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, और सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण* | - | रू.80/कि.वा./माह बिलिंग डिमाण्ड पर | 4.85 | |
| **एलवी-5.2** | **अन्य उद्योग** | | | | |
| एलवी-5.2.1 | 25 एचपी तक या 18.7 कि.वा. तक | - | रू.120/कि.वा./माह बिलिंग डिमाण्ड पर | 6.35 | संविदा मांग पर मांग प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| (अ) | बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, और सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण* | - | रू.100/कि.वा./माह बिलिंग डिमाण्ड पर | 5.35 | |
| एलवी-5.2.2 | 25 एचपी से अधिक (18.7 कि.वा.) | - | रू.150/कि.वा./माह बिलिंग डिमाण्ड पर | 7.10 | |
| (अ) | बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, और सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण* | - | रू.130/कि.वा./माह बिलिंग डिमाण्ड पर | 6.60 | |
| | *** आदेश दिनांक अगस्त 22, 2005 द्वारा अधिसूचित।** | | | | |
| एलवी-6 | जन उपयोगिता | - | रू. 152/एचपी/माह या रू. 203/कि.वा./माह | 7.60 | नियत प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| एलवी-7 | सूचना प्रौद्योगिकी और एक्सपोर्ट ओरिएन्टेड टेक्सटाईल इण्डस्ट्रीज (न्यूनतम संविदा मांग 50 कि.वा.) | - | रू. 160/कि.वा./माह | 6.25 | मांग प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं। |
| एलवी-8 | अस्थायी कनेक्शन | यह श्रेणी उन विद्युत संयोजनों के लिए है जो अस्थायी प्रकृति के है। अस्थायी कनेक्शनो हेतु ऊर्जा प्रभार एवं स्थायी प्रभार की दरें संबंधित उपभोक्ता श्रेणी हेतु लागू दरों का 1.5 गुना है। तथापि अस्थायी कृषि पंप कनेक्शनों हेतु यह दर स्थायी एलवी-3 कृषि पंप हेतु लागू सामान्य दरों के समतुल्य है। घरेलु श्रेणी के ऐसे अस्थायी कनेक्शन जो 2 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके है, वे घरेलु श्रेणी हेतु लागू सामान्य दर से बिल किये जाएगे। | | | |

**टाईम ऑफ डे (टी.ओ.डी.) टैरिफः**
टीओडी टैरिफ एलवी-1, एलवी-2, एलवी-5, एलवी-6 एवं एलवी-7 टैरिफ श्रेणी के ऐसे उपभोक्ताओं पर लागू होगा जिनका अनुबंध भार 10 किलोवाट से अधिक है एवं जिनके कनेक्शन में स्मार्ट मीटर स्थापित किया जा चुका है।

**(अ) एलवी-2.2(ब), एलवी-2.3, एलवी-5, एलवी-6 एवं एलवी-7 हेतु टीओडी टैरिफ निम्नानुसार है:**

| स.क्र. | उपयोग की अवधि | सामान्य दर के मांग प्रभार सहित |
|---|---|---|
| (I) | सामान्य अवधि (23:00 से 09:00 घंटे तक) | ऊर्जा प्रभार सामान्य विद्युत दर पर |
| (II) | गैर उच्च भार अवधि (09:00 से 17:00 घंटे तक) (सोलर अवधि) | ऊर्जा प्रभार सामान्य विद्युत दर का 95 प्रतिशत होगा। |
| (III) | उच्चतम भार अवधि (17:00 से 23:00 घंटे तक) | ऊर्जा प्रभार सामान्य विद्युत दर का 105 प्रतिशत होगा। |

**(ब) एलवी-1, एलवी-2.1 एवं एलवी-2.2(अ):** इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को गैर-उच्चभार अवधि (सोलर अवधि) में की गई खपत पर 20 पैसे प्रति यूनिट की छूट प्रदान की जाएगी।
**विलंबित भुगतान अधिभार:** यदि उपभोक्ता द्वारा बिल का भुगतान नियत तिथि के भीतर नहीं किया जाता है, तो कुल बकाया राशि (बकाया राशि शामिल होगी परन्तु अधिभार को छोड़कर) पर प्रति दिन या उसके हिस्से के लिए 0.04 प्रतिशत की दर से अधिभार देय होगा। यह अधिभार न्यूनतम रू. 5 होगा और बिल में उल्लेखित भुगतान के नियत तिथि से लागू होगा।
**बिलों के भुगतान की विधि:** उपभोक्ता को बिलों का भुगतान ऑनलाइन या ऑफलाइन करने का विकल्प होगा। ऑनलाइन/डिजिटल भुगतान के लिए देय ट्रांजेक्शन शुल्क, यदि कोई हो, तो उपभोक्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

2. **उच्चदाब उपभोक्ता:**

| टैरिफ श्रेणी | उपभोक्ता का वर्ग | सप्लाई वोल्टेज | मांग प्रभार रू/केव्हीए/माह | ऊर्जा प्रभार रू./केव्हीएएच | |
|---|---|---|---|---|---|
| एचवी-1 | रेलवे ट्रेक्शन | 132/220 केव्ही | 400 | 5.90 | |
| एचवी-2 | खदान | 220 केव्ही सप्लाई | 500 | 7.25 | |
| | | 132 केव्ही सप्लाई | 500 | 7.40 | |
| | | 33 केव्ही सप्लाई | 500 | 7.80 | |
| | | 11 केव्ही सप्लाई | 500 | 8.10 | |
| एचवी-3 | अन्य उद्योग एवं सामान्य प्रयोजन गैर औद्योगिक | 220 केव्ही सप्लाई | 400 | 6.95 | |
| | | 132 केव्ही सप्लाई | 400 | 7.10 | |
| | | 33 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर >15%) | 400 | 7.55 | |
| | | 33 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर <=15%)* | 200 | 7.75 | |
| | | 11 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर >15%) | 400 | 7.85 | |
| | | 11 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर <=15%)* | 200 | 8.15 | |
| एचवी-4 | स्टील इण्डस्ट्रीज | 220 केव्ही सप्लाई | 400 | 6.40 | |
| | | 132 केव्ही सप्लाई | 400 | 6.55 | |
| | | 33 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर >15%) | 400 | 7.05 | |
| | | 33 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर <=15%)* | 200 | 7.55 | |
| | | 11 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर >15%) | 400 | 7.05 | |
| | | 11 केव्ही सप्लाई (लोड फैक्टर <=15%)* | 200 | 7.85 | |

**टीप:-**
* सीएसपीडीसीएल से 100 प्रतिशत सप्लाई लेने वाले उपभोक्ताओं हेतु लागू होगा। 33 केव्ही और 11 केव्ही सप्लाई वाले एक्सक्लूसिव रोलिंग मिल उपभोक्ताओं के लिए लोड फैक्टर सीमा 35 प्रतिशत होगा।
इसके अलावा बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (आदेश दिनांक 22/08/2005) और सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (आदेश दिनांक 22/08/2005) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों एवं 132 केवी स्तर से अधिक पर सयोंजित विद्युत कनेक्शनों को ऊर्जा प्रभार में 7 प्रतिशत और 132 केवी एवं उससे निम्न वोल्ट स्तर पर संयोंजित विद्युत कनेक्शनों को ऊर्जा प्रभार में 5 प्रतिशत की विशेष रियायत प्रदान की गई है।

**लोड फैक्टर छूट**
इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार पर लोड फैक्टर छूट की पात्रता निम्न तालिका अनुसार होगी।

| मासिक लोड फैक्टर (एलएफ) | छूट | मासिक लोड फैक्टर (एलएफ) | छूट |
|---|---|---|---|
| 51% - 51.99% | 1 प्रतिशत | 64% -64.99% | 14 प्रतिशत |
| 52% - 52.99% | 2 प्रतिशत | 65% - 65.99% | 15 प्रतिशत |
| 53% - 53.99: | 3 प्रतिशत | 66% -66.99% | 16 प्रतिशत |
| 54% - 54.99% | 4 प्रतिशत | 67% - 67.99% | 17 प्रतिशत |
| 55% - 55.99% | 5 प्रतिशत | 68% - 68.99% | 18 प्रतिशत |
| 56% - 56.99% | 6 प्रतिशत | 69% - 69.99% | 19 प्रतिशत |
| 57% - 57.99% | 7 प्रतिशत | 70% - 70.99% | 20 प्रतिशत |
| 58% - 58.99% | 8 प्रतिशत | 71% - 71.99% | 21 प्रतिशत |
| 59% - 59.99% | 9 प्रतिशत | 72% - 72.99% | 22 प्रतिशत |
| 60% - 60.99% | 10 प्रतिशत | 73% - 73.99: | 23 प्रतिशत |
| 61% - 61.99% | 11 प्रतिशत | 74% -74.99% | 24 प्रतिशत |
| 62% - 62.99% | 12 प्रतिशत | 75% एवं अधिक | 25 प्रतिशत |
| 63% - 63.99% | 13 प्रतिशत | | |

**मासिक लोड फैक्टर यदि 50.99 प्रतिशत अथवा कम हो तो उक्त माह में लोड फैक्टर छूट प्राप्त नहीं होगी।**

| टैरिफ श्रेणी | उपभोक्ता का वर्ग | सप्लाई वोल्टेज | मांग प्रभार रू/केव्हीए/माह | ऊर्जा प्रभार रू./केव्हीएएच |
|---|---|---|---|---|
| एचवी-5 | सिंचाई तथा कृषि सहवर्ती संबंधी उद्योग एवं जल प्रदाय | - | 400 | 7.00 |
| एचवी-6 | आवासीय | - | 400 | 7.10 |
| एचवी-7 | स्टार्ट अप पॉवर टैरिफ | 400/220/132/ 33/ 11 केव्ही | 250 | 9.40 |
| एचवी-8 | नवीकरणीय स्त्रोत से विद्युत उत्पादन के लिये उपकरणों के निर्माण से संबंधित उद्योग | 220/132/33/ 11 केव्ही | 160 | 5.25 |
| एचवी-9 | सूचना प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी वस्त्र उद्योग | - | 200 | 5.35 |
| एचवी-10 | अस्थायी कनेक्शन | यह श्रेणी 220/132/33/11 केवी के सभी उच्चदाब कनेक्शनों पर लागू होगी (स्टार्टअप पॉवर (एचवी-7) के उपभोक्ताओ को छोड़कर) जो अस्थायी प्रकृति के है। अस्थायी कनेक्शनो हेतु ऊर्जा प्रभार एवं स्थायी प्रभार की दरें संबंधित उपभोक्ता श्रेणी हेतु लागू दरों का 1.5 गुना होगी। | | |
| एचवी-11 | इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन एवं सोलर प्लांट के ऑग्जेलरी ऊर्जा आवश्यकता हेतु | | - | 6.42 |

**न्यूनतम प्रभार-** संविदा मांग पर मांग प्रभार ही मासिक न्यूनतम प्रभार है भले ही विद्युत खपत हुई हो अथवा नहीं।

**टाईम ऑफ डे (टी.ओ.डी.) टैरिफः**
टीओडी टैरिफ एचवी-2, एचवी-3, एचवी-4, एचवी-5, एचवी-6, एचवी-8, एचवी-9 एवं एचवी-11 टैरिफ श्रेणी पर लागू होगा।

| स.क्र. | उपयोग की अवधि | सामान्य दर के मांग प्रभार सहित |
|---|---|---|
| (I) | सामान्य अवधि (23:00 से 09:00 घंटे तक) | ऊर्जा प्रभार सामान्य विद्युत दर पर |
| (II) | गैर उच्च भार अवधि (09:00 से 17:00 घंटे तक) (सोलर अवधि) | ऊर्जा प्रभार सामान्य विद्युत दर का 80 प्रतिशत होगा। |
| (III) | उच्चतम भार अवधि (17:00 से 23:00 घंटे तक) | ऊर्जा प्रभार सामान्य विद्युत दर का 120 प्रतिशत होगा। |

3. **पैरेलल ऑपरेशन चार्जेसः**
कैप्टिव पॉवर प्लांट को उनके द्वारा संचालित कैप्टिव एवं नॉन कैप्टिव लोड के लिए 16 पैसे प्रति केडब्ल्यूएच की दर से सीएसपीडीसीएल को पैरेलल ऑपरेशन चार्जेस का भुगतान करना होगा।

4. **ग्रीन एनर्जी शुल्क**
(अ) वे उपभोक्ता जो अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के उद्देश्य से अक्षय ऊर्जा खरीदना चाहते है एवं इस उद्देश्य के लिए प्रमाण प्राप्त करना चाहते है, उनके द्वारा प्रति यूनिट रू. 0.50 अतिरिक्त देय होगा।
(ब) वितरण लाइसेंसधारी से हरित (ग्रीन) ऊर्जा प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के लिए ग्रीन एनर्जी शुल्क

| अक्षय ऊर्जा का स्त्रोत | पवन (विन्ड) | हाइड्रो | अन्य |
|---|---|---|---|
| ग्रीन ऊर्जा शुल्क (रु./केडब्ल्यूएच) | 0.24 | 1.44 | 1.00 |

ग्रीन ऊर्जा शुल्क, संबंधित श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू नियत एवं ऊर्जा प्रभार के अतिरिक्त देय होगा।

**विलंबित भुगतान अधिभारः** यदि उपभोक्ता द्वारा बिल का भुगतान नियत तिथि के भीतर नहीं किया जाता है, तो कुल बकाया राशि (बकाया राशि शामिल होगी परन्तु अधिभार को छोड़कर) पर प्रति दिन या उसके हिस्से के लिए 0.04 प्रतिशत की दर से अधिभार देय होगा। यह अधिभार बिल में उल्लेखित भुगतान के नियत तिथि से लागू होगा।

**बिलों के भुगतान की विधि:** उपभोक्ता को बिलों का भुगतान ऑनलाइन या ऑफलाइन करने का विकल्प होगा। ऑनलाइन/डिजिटल भुगतान के लिए देय ट्रांजेक्शन शुल्क, यदि कोई हो, तो उपभोक्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
उपरोक्त विद्युत दर विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचित टैरिफ आदेश **दिनांक 15.06.2026 एवं दिनांक 19.06.2026** के शुद्धि पत्र में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के अन्तर्गत हैं। अधिक जानकारी के लिए सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट **www.cspdcl.co.in** अथवा आयोग की वेबसाइट **www.cserc.gov.in** देखे।

उपरोक्त प्रकाशन में किसी भी प्रकार की विसंगति पाये जाने पर माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा **दिनांक** 15.06.2026 को जारी टैरिफ शेड्यूल एवं **दिनांक** 19.06.2026 को जारी शुद्धि पत्र के प्रावधान मान्य होंगे।


**कार्यपालक निदेशक (नि.का. एवं ऊ.प्र.)**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर**

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026 आषाढ़, कृष्ण पक्ष द्वितीय | वर्ष : 24, अंक : 341 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00** haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# माड़मसिल्ली बांध में लीकेज, मरम्मत के लिए गंगरेल में शिफ्ट किया जा रहा पानी

### माड़मसिल्ली में 3.469 टीएमसी जलभराव


*माड़मसिल्ली बांध के एसडीओ भाविन देवांगन ने बताया कि माड़मसिल्ली बांध के मिट्टी वाले भाग में लीकेज हो गया है। 4 साल पहले भी लीकेज हुआ था। उस समय भी ऐसी ही प्रक्रिया अपनाई गई थी और फिर बांध की मरम्मत करवाई गई थी। अभी फिर बांध को जरुरत के मुताबिक खाली कराया जा रहा है। बांध का पानी गंगरेल बांध में शिफ्ट किया जा रहा है। मंगलवार को माड़मसिल्ली से 2423 क्यूसेक पानी गंगरेल बांध के लिए जा रहा है। 30 जून की स्थिति में माड़मसिल्ली बांध में 3.469 टीएमसी जलभराव है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

अलनीनो के चलते अब तक काफी कम बारिश से सूखे की आशंका के बीच माड़मसिल्ली बांध से लीकेज की खबर आई है, जिसके कारण बांध का पानी खाली कराया जा रहा है। गौरतलब है, ऑटोमेटिक सायफन सिस्टम वाला माड़मसिल्ली बांध एशिया का इकलौता है। इसकी लीकेज की मरम्मत के लिए बांध को खाली करने की कवायद शुरु हो चुकी है। गत मानसून की अच्छी बारिश से महानदी परियोजना के चारों बांध लबालब भरे हुए थे। माड़मसिल्ली बांध में 24 जून तक 4.501 टीएमसी जलभराव था जो बांध की क्षमता का 77 फीसदी पानी है।

■ चार साल पहले भी लीकेज की आई थी समस्या, स्थायी समाधान अभी नहीं





### स्थायी समाधान के लिए प्रस्ताव

अभी लीकेज की मरम्मत का काम भी शुरू हो गया है। काम करने लायक बांध से पानी छोड़ा जाएगा। लीकेज के परमानेंट उपाय के लिए रिटेनिंग वाल बनाया जाना है। इसके लिए स्टीमेट बनाकर शासन से राशि स्वीकृति कराई जाएगी। विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी की जा चुकी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिसंबर में वॉशिंगटन जाएंगे पीएम मोदी!



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल दिसंबर में एक बार फिर अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने वाशिंगटन में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम (यूएसआईएसपीएफ समिट) में खुद इस बात का बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी दिसंबर में मियामी में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका आ रहे हैं।

### भारत-अमेरिका रिश्ते 30 साल में सबसे खराब : यूस सांसद



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के रिश्ते पिछले 30 साल में सबसे खराब दौर में पहुंच गए हैं। वॉशिंगटन में आयोजित यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) लीडरशिप समिट 2026 में उन्होंने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ नीति, ईरान के साथ युद्ध और सहयोगी देशों से बिना सलाह लिए फैसले करने से अमेरिका की साख को नुकसान पहुंचा है।

### हमारा पानी रोका तो हाथ काट देंगे : पाक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि पर एक बार फिर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा कि अगर किसी ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने की कोशिश की तो हम उन हाथों को काट देंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी को रोकना चाहता है। मुसादिक मलिक ने सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री के हाथ में एक नल है।

### ठाकरे गुट के विधायक शिंदे शिवसेना में शामिल



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान उद्धव गुट के विधायक सचिन अहीरने शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए। उन्होंने आज शिंदे गुट की ओर से विधान परिषद के उपसभापति पद के लिए नामांकन भरा। सचिन अहीर का नेतृत्व मजदूर आंदोलन (लेबर मूवमेंट) से उभरा है। वह पहली बार 1999 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के टिकट पर शिवड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे।

### छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में होगी झमाझम बारिश

# मानसून की दमदार वापसी, सैटेलाइट में दिखी 1500 किमी लंबी बारिश की पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


देश में मानसून दमदार वापसी कर रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि सैटेलाइट तस्वीरों में करीब 1500 किलोमीटर लंबी बारिश की पट्टी यानी रेन बैंड दिखाई दिया है। आईएमडी का कहना है कि इसके असर से आने वाले दिनों में कई राज्यों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक यह रेन बैंड पश्चिम से पूर्व तक फैला हुआ है और धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। मानसून ने मंगलवार दोपहर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश में एंट्री कर ली है। देश में अब तक 26 राज्यों को कवर कर लिया है। इससे पहले 24 जून को मध्य प्रदेश-गुजरात में एंट्री ली थी। इसके बाद 6 दिन अटका रहा। इससे कई राज्यों में गर्मी और उमस बनी हुई है। फिलहाल कोंकण-गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, केरल और तटीय क्षेत्रों में मानसून पूरी तरह से ▶▶| शेष पेज 7पर

■ बारिश का नया दौर शुरू होने की पूरी संभावना

*देश के बड़े हिस्से में कुछ दिनों की सुस्ती के बाद मानसून ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। सैटेलाइट तस्वीरों में करीब 1,500 किमी लंबी मानसून ट्रफ (कम दबाव की लंबी पट्टी) यानी रेन बैंड बनती हुई दिखाई दी है। यह उत्तरी बंगाल की खाड़ी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक फैली हुई है। इसकी वजह से उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के कई इलाकों में बादल एक्टिव हो गए हैं। इससे जिन इलाकों में पिछले कुछ दिनों से बारिश कम हो गई थी, वहां भी अब फिर से झमाझम बारिश का नया दौर शुरू होने की पूरी संभावना है।*

### खास बातें

- उत्तरी बंगाल की खाड़ी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक फैली हुई है रैन बैंड
- उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के कई इलाकों में एक्टिव हो गए बादल




मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

### क्या होती है मानसून ट्रफ

मानसून ट्रफ कम दवाब क्षेत्र की एक लंबी पट्टी होती है, जिसे दक्षिण-पश्चिम मानसून की रीढ़ माना जाता है। यह ट्रफ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी से भरी हवाओं को भारत के अंदरूनी हिस्सों तक खींचकर लाती है। इसी वजह से देश के कई इलाकों में बारिश होती है।

हालांकि लगातार और तेज बारिश वाले इलाकों में जलभराव, ट्रैफिक जाम और निचले क्षेत्रों में पानी भरने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। ऐसे में लोगों को मौसम विभाग की चेतावनियों और स्थानीय प्रशासन की सलाह का पालन करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग का कहना है कि जुलाई के शुरुआत वाले दिनों में देश के कई हिस्सों में मानसून पूरी तरह एक्टिव रहेगा और कई राज्यों में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है। ऐसे में जहां एक तरफ गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं किसानों और रिजर्वायर के लिए भी यह बारिश फायदेमंद साबित होगी।

### छत्तीसगढ़-एमपी में बहुत बारिश होने की संभावना

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ में अगले कुछ दिनों तक लगातार बारिश का असर बना रहेगा। पश्चिम और पूर्व मध्य प्रदेश में 2 से 4 जुलाई के दौरान बहुत भारी बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़ में भी 1 जुलाई से तेज बारिश का दौर मजबूत होने का अनुमान है। मौसम विभाग (ऑल इंडिया वेदर) के अनुसार उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के कुछ हिस्सों, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में अगले कुछ दिनों के दौरान हल्की से लेकर तेज बारिश होने की उम्मीद है। वहीं पूर्वोत्तर और पश्चिमी तट के राज्यों में भी अच्छी बारिश जारी रहने की संभावना है। इस बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। धान, मक्का, सोयाबीन और दूसरी खरीफ फसलों की बुआई में तेजी आएगी। जिन इलाकों में बारिश की कमी महसूस की जा रही थी, वहां भी खेतों को पर्याप्त नमी मिलने की उम्मीद है।

### इन राज्यों में अभी सताएगी गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले कई दिनों तक बारिश जारी रहने की संभावना है। हालांकि 2 से 4 जुलाई के बीच असम, मेघालय और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में बारिश के साथ गर्म और उमस भरे मौसम की स्थिति भी देखने को मिल सकती है।

### नामांतरण के नाम पर

## तहसीलदार का रीडर 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव तहसील कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तहसीलदार के रीडर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि नामांतरण के एक प्रकरण में रीडर द्वारा 70 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता पहले ही 35 हजार रुपए दे चुका था। तीसरी किस्त लेते ही एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपी को दबोच लिया। अब मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।



कोंडागांव जिले के फरसगांव तहसील कार्यालय में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तहसीलदार के रीडर मुकेश रंगारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। शिकायतकर्ता बिस्सूलाल नेताम के अनुसार, नामांतरण प्रकरण में उसके पिता और बुआ का नाम दर्ज करने के एवज में रीडर द्वारा 70 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एसीबी को दी, जिसके बाद ट्रैप की योजना बनाकर कार्रवाई की गई। डीएसपी चंद्रशेखर ध्रुव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में फिलहाल किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता सामने नहीं आई है। हालांकि, मामले की जांच जारी है और यदि विवेचना के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है, तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने किया रामगढ़ महोत्सव का समापन

## रामगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रामगढ़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा, प्रकृति पूजा और ऐतिहासिक विरासत का उत्सव है। सरगुजा की यह पवित्र भूमि प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ आस्था, इतिहास और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। वेदों, पुराणों और उपनिषदों सहित अनेक प्राचीन ग्रंथों में रामगढ़ का उल्लेख मिलता है, जो इसकी ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाता है। सीएम श्री साय मंगलवार को आषाढ़ प्रथम दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। ऐसा पहली बार हुआ कि वर्षों पुरानी इस महोत्सव में प्रदेश का मुखिया स्वयं शामिल होने आया है। समापन समारोह में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, विधायक प्रतापपुर श्रीमती ▶▶| शेष पेज 7 पर

### रामगढ़ के लिए एक करोड़ की घोषणा

सीएम ने कहा कि प्रदेश की सरकार जिले के विकास के लिए काम कर रही है। सरकार के पिछले ढाई वर्षों में सरगुजा जिले में 2387 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने रामगढ़ के विकास के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा की। वहीं क्षेत्रवासियों के मांग पर उदयपुर एवं डूमरडीह को मिलाकर नगर पंचायत बनाने की घोषणा की गई।

### 6 पहाड़ी कोरवा बच्चों का कराया शाला प्रवेश

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के जिले के 6 बच्चों का शाला प्रवेश करवाया। उन्होंने बच्चों को तिलक लगाया और मिठाई खिलाई तथा स्कूल बैग, वॉटर बॉटल सहित अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य : अग्रवाल

*कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज रामगढ़ की पावन धरा पर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोककला और गौरवशाली परंपराओं के प्रतीक रामगढ़ महोत्सव 2026 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में भव्य समापन हो रहा है। यह महोत्सव हमारी संस्कृति, कला, इतिहास और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन का सशक्त माध्यम है, जो हमारी गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य कर रहा है। हमारी समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं का अनुपम उत्सव का हिस्सा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने सभी को रामगढ़ महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा यह महोत्सव 50 वर्ष से चल रहा है। ऐतिहासिक, पौराणिक एवं पुरातत्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।*


**अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा- नहीं पहुंच रहा है ग्राहकों तक फायदा**

## कच्चा तेल हुआ सस्ता, पेट्रोल कंपनियां तुरंत दाम घटाएं : ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में उछाल आया था। अब कच्चे तेल की कीमतें घट गई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल अब भी महंगा बिक रहा है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेट्रोल बेचने वाली कंपनियों से तुरंत पेट्रोल के दाम घटाने को कहा है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि कच्चे तेल के दाम कम हो गए हैं। ऐसे में तेल कंपनियों को पेट्रोल के दाम भी घटाने होंगे। ट्रंप ने कहा कि लोग अब भी जरूरत से ज्यादा कीमत चुका रहे हैं, जबकि तेल लगातार सस्ता हो रहा है। ट्रंप ने कहा कि ग्राहकों से जरूरत से ज्यादा पैसे वसूलना गैरकानूनी है।



### 'प्राइस गाउजिंग' का लगाया आरोप

*राष्ट्रपति ट्रंप ने बिना किसी ठोस सबूत का हवाला दिए संकेत दिया कि पेट्रोल की मौजूदा ऊंची कीमतें 'प्राइस गाउजिंग' यानी संकट के समय अनुचित तरीके से कीमतें बढ़ाने का मामला हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर कंपनियां जानबूझकर ज्यादा कीमत वसूल रही हैं, तो यह पूरी तरह गैरकानूनी है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर कीमतें जल्द कम नहीं की गईं, तो संबंधित कंपनियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।*

### ग्राहकों को नहीं मिल रहा फायदा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कच्चे तेल के दाम कम होने की जानकारी दी। ट्रंप ने लिखा, 'कच्चे तेल की कीमत घटकर 68 डॉलर प्रति बैरल रह गई है, लेकिन इसका फायदा ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा है। कंपनियों को पेट्रोल की कीमत करीब 2.50 डॉलर प्रति गैलन तक ले जाना चाहिए।' ट्रंप ने तेल कंपनियों पर आम जनता की जेब काटने और 'प्राइस गॉजिंग' यानी नाजायज मुनाफाखोरी का सीधा आरोप लगाया है।

## एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे 23 विपक्षी दल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मंगलवार को इंडिया गठबंधन ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को एक पत्र भेजा। यह पत्र चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट के चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एसआईआर) और चुनाव से जुड़े अन्य मुद्दों के बारे में था। लेटर पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ सीजेआई सूर्यकांत को लिखा संयुक्त पत्र

### इन्होंने किए साइन

सूत्रों के मुताबिक, लेटर पर साइन करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और वाम दलों के नेता शामिल हैं। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने बताया कि आम आदमी पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) - जो अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं ने भी सीजेआई को भेजे गए संयुक्त पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

### भारतीय सेना ने संभाला मोर्चा, हो रही तारीफ

# वेनेजुएला में मलबे से 4 दिन बाद जिंदा निकली महिला

एजेंसी ▶▶| कराकस

भूकंप की भयंकर त्रासदी झेल रहे वेनेजुएला से एक ऐसी खबर आई है जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। यहां भूकंप आने के चार दिन बाद राहतकर्मियों ने मलबे के नीचे से एक महिला को सुरक्षित और जिंदा बाहर निकाला है। इसे एक बड़े चमत्कार के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि वक्त बीतने के साथ ही मलबे में दबे लोगों के बचने की उम्मीदें लगातार कम होती जा रही हैं। वेनेजुएला में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 2000 के पार पहुंच गई है। वहीं, 10,000 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ 2 हजार से ज्यादा की मौत, 60,000 लोग अभी भी लापता



### भारतीय सेना का 'ऑपरेशन अमिस्ताद'

इस मुश्किल घड़ी में भारत ने मदद का हाथ बढ़ाते हुए 'ऑपरेशन अमिस्ताद' की शुरुआत की है। इस मिशन के तहत वेनेजुएला पहुंचे भारतीय राहतकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया है। भारतीय सेना ने प्रभावित इलाके में अपना एक फील्ड हॉस्पिटल पूरी तरह से तैयार कर लिया है, जहां घायल और जरूरतमंद लोगों को तुरंत इलाज और हर संभव मदद दी जा रही है।

### भारत की सराहना की विदेश मंत्री ने

वेनेजुएला ने देश में आए भीषण भूकंप के पीड़ितों की सहायता के लिए भारतीय चिकित्सा दल के प्रयासों की सराहना की है। 'ऑपरेशन अमिस्ताद' के तहत भारतीय सेना ने वेनेजुएला पहुंचने के बाद काराकास स्थित इंटरनेशनल ला रिनकोनाडा रेसकोर्स में अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया है। वेनेजुएला स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को कहा कि भारत ने भूकंप प्रभावित लोगों को 'उपचार और मानवीय संवेदना के साथ राहत' पहुंचाने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। दूतावास ने कहा, 'जनशक्ति एवं विदेश मामलों की मंत्री एंड्रिया कोराओ फारिया ने हमारे फील्ड अस्पताल का दौरा किया और भूकंप पीड़ितों की सहायता के लिए किए जा रहे हमारे प्रयासों की सराहना की।'

## चिंतन

# मानसून राहत के साथ चुनौती भी

उत्तर भारत में मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए यह राहत का संदेश है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी मानसून अपने साथ खुशियां और संकट दोनों लेकर आया है। बंगाल की खाड़ी से जम्मू-कश्मीर तक फैली करीब 1,500 किलोमीटर लंबी मानसून ट्रफ इस बात का संकेत है कि इस बार मानसून की गति कुछ दिनों तक धीमी रही, जिससे कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। अब एक साथ भारी बारिश की संभावना मौसम की चरम घटनाओं की ओर इशारा करती हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में व्यापक बारिश होगी। यह बारिश खेतों के लिए अमृत साबित हो सकती है, लेकिन यदि तैयारी अधूरी रही तो यही पानी बाढ़, जलभराव और जनहानि का कारण भी बन सकता है। भारत में मानसून केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी है। देश की लगभग 42 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और 60 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। समय पर और संतुलित मानसून किसानों के लिए बेहतर उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती और खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करता है। अच्छी फसल का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। मानसून जल सुरक्षा का भी सबसे बड़ा आधार है। वर्षा का पानी नदियों, झीलों, तालाबों और भूजल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करता है। जलविद्युत परियोजनाओं को ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त पानी मिलता है और पूरे वर्ष पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। मानसून का दूसरा चेहरा भी उतना ही कठोर है। असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़, हिमाचल प्रदेश में फ्लैश फ्लड, उत्तर प्रदेश में पेड़ गिरने से हुई मौतें और मुंबई जैसे महानगरों में जलभराव यह बताते हैं कि भारत आज भी मानसून का पूरी तरह सामना करने के लिए तैयार नहीं है। हर वर्ष एक जैसी घटनाएं दोहराई जाती हैं, लेकिन समाधान स्थायी नहीं बन पाते। शहरों में नालों की सफाई समय पर नहीं होती, अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक जल निकासी बाधित रहती है और थोड़ी सी तेज बारिश भी पूरे शहरी तंत्र को ठप कर देती है। कृषि क्षेत्र में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। यदि मानसून कमजोर पड़ जाए या बारिश का वितरण असमान हो तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होती है। अल नीनो जैसी वैश्विक मौसमी घटनाएं कई बार सूखे की स्थिति पैदा कर देती हैं, जिससे उत्पादन घटता है और महंगाई बढ़ती है। मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, सड़कें टूटती हैं, यातायात बाधित होता है और उद्योगों की उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ता है। यानी मानसून का प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। ऐसे में किसानों और आमजन को भी वर्षा जल को संरक्षित करना होगा। शहरी क्षेत्रों में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने होंगे। आपदा प्रबंधन तंत्र को केवल राहत कार्य तक सीमित न रखकर पूर्व तैयारी पर अधिक ध्यान देना होगा। मानसून प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है, लेकिन यह तभी वरदान बन सकता है जब उसकी प्रत्येक बूंद का सम्मान किया जाए। यदि वर्षा जल संरक्षण, वैज्ञानिक जल प्रबंधन, मजबूत शहरी अवसंरचना और प्रभावी आपदा प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए, तो मानसून केवल मौसम नहीं, बल्कि भारत के सतत विकास की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।

# भरोसे और सच की कसौटी पर डॉक्टरी पेशा



डॉक्टर्स डे

डॉ. संजय शुक्ला

डॉक्टर को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा गया है। डॉक्टरी पेशा ही एक ऐसा पेशा है जिसकी हमेशा सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा रही है। भारत में पौराणिक काल से लेकर आधुनिक दौर में वैद्यों, हकीमों और डॉक्टरों का व्यवसायिक नजरिए से समाज में काफी सम्मानजनक स्थान रहा है। देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय जिनका जन्मदिन 1 जुलाई है की स्मृति में भारत में प्रतिवर्ष 'डॉक्टर्स डे' मनाया जाता है। डॉ. राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षा प्राप्त मेडिकल टीचर और डॉक्टर के तौर पर ही नहीं थी बल्कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बतौर सेनानी असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। डॉ. बिधानचंद्र राय आगे चलकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी बने तथा उन्हें देश के सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' से नवाजा गया। चिंतनीय है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण और लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा अब अनेक विसंगतियों से जूझने लगा है।

बाजारवाद और कार्पोरेट घरानों के भारी निवेश के चलते चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की जगह कमाई का जरिया बन रहा है फलस्वरूप डॉक्टरों और मरीज के बीच पहले जैसा विश्वास नहीं रहा जो पेशे की अहम कड़ी है। बीते कुछ दशकों के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में कुछ ऐसे घटनाएं हुई है जिसने डॉक्टरी पेशे की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। विचारणीय है कि अतीत में जिस चिकित्सा पेशे के प्रति समाज और लोगों में सम्मान और भरोसा था उसकी डोर अब कमजोर होने लगी है। बहरहाल भारत जैसे देश में डॉक्टर और मरीज के बीच पनप रहे अविश्वास के लिए सरकार, समाज और चिकित्सक समान रूप से जिम्मेदार हैं। इस पेशे की घटती विश्वसनीयता के लिए मुख्य रूप से चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ती व्यावसायिकता, सोशल मीडिया पर चिकित्सा और स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रामक खबरें, डॉक्टर और मरीज के बीच संवाद की कमी, चिकित्सा में बढ़ती जटिलताएं और मरीज अथवा परिजनों की अति उम्मीद के साथ ही मेडिकल लापरवाही और जवाबदेही का अभाव है।

भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण तथा अमीर व गरीब के बीच में बंटा हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी असमानताओं और विसंगतियों के कारण चिकित्सा पेशे में विश्वसनीयता की कमी आई है फलस्वरूप डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें अब आम हो चुकी है।हालांकि सभ्य समाज में ऐसे संघर्ष को कदापि स्वीकार नहीं किया जा लिहाजा आज जरूरत डॉक्टर और मरीज के बीच बढ़ रहे अविश्वास को खत्म करने की जरूरत है इसके लिए समाज और चिकित्सक बिरादरी के बीच संवाद के फासले को कम करना होगा।अलबत्ता यह भी सच है कि नैतिक मूल्यों के पतन के वर्तमान दौर में चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा भी अछूता नहीं है जिसके चलते डॉक्टरों के सफेद कोट यानि एप्रन पर भी दाग के छींटें पड़ने लगे हैं। बीते दौर में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक गर्भाशय निकालने, गैरजरूरी सर्जरी करने, धोखेबाजी करके किडनी निकालने, हृदय के धमनियों की सर्जरी के दौरान लगने वाले 'स्टेंट' अथवा एंजियोप्लास्टी में घपला करने, लिंग परीक्षण अथवा एबॉर्शन में पैसे ऐंठने, स्मार्ट कार्ड घोटाले में संलिप्तता और पैसों के भुगतान के आड़ में शव को बंधक बनाने जैसी खबरें सामने आई है।



आज आमधारणा यह बनती जा रही है डॉक्टर अपने कमीशन और अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च जुटाने के लिए मरीजों की गैर जरूरी जांच कराते हैं अथवा भर्ती रखते हैं। इसी प्रकार लोगों का यह भी सोच बन चुका है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से मिलने वाले उपहार या सैर-सपाटे के ऐवज में मरीजों को सस्ती दवाओं की जगह महंगे ब्रांडेड दवाएं लिखते हैं। हाल के दिनों में कुछ डॉक्टरों के आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने और फर्जी डिग्री व रजिस्ट्रेशन के आधार पर सर्जरी करने या प्रेक्टिस करने की भी खबरें सामने आई है जो बेहद चिंताजनक है। हालांकि डॉक्टरों के बारे में उपरोक्त ख़बरें और धारणाएं अर्धसत्य है बिलाशक आज भी अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे और प्रतिष्ठा के प्रति काफी संजीदा हैं। लिहाजा महज चंद डॉक्टरों के अनैतिक गतिविधियों के चलते समूचे चिकित्सक बिरादरी को कठघरे में खड़ा करना अन्यायपूर्ण होगा। अधिकतर डॉक्टर अपने मरीजों के सेहत और जिंदगी के प्रति कितना फिक्रमंद हैं? इसका उदाहरण हमने बीते वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देखा जब पूरी दुनिया अपने घरों में तालेबंद थी तब यही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ दिन-रात हजारों मरीजों की सांसों की डोर थामने अपनी जान को दांव पर लगा रहे थे।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि डॉक्टरों की जिंदगी में अनेक ऐसे क्षण आते हैं जब कोई मरीज जिंदगी के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहता है तब यह संघर्ष अकेले मरीज का ही नहीं होता है बल्कि इस संघर्ष का अहम हिस्सा उस डॉक्टर का होता है जो मरीज की जिंदगी के लिए खुद जद्दोजहद कर रहा होता है। बीमार को बीमारी और मौत के मुंह से लौटाकर उसे सेहतमंद बनाने और जिंदगी बचाने के असली मायने एक डॉक्टर से बेहतर कोई नहीं जान सकता। सच्चाई यह है कि हर डॉक्टर मरीज की जान बचाने और उसे तंदुरुस्त रखने की हरसंभव कोशिश करता है ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ अनहोनी हो जाए तो चिकित्सक को दोषी ठहराना कतई उचित नहीं है। हालांकि अपवाद स्वरूप सच्चाई यह भी है कि कुछ मामलों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की लापरवाही और उदासीनता भी सामने आई है जिसके चलते मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। इन विसंगतियों के मद्देनजर चिकित्सक संगठनों की भी जवाबदेही है कि वह चिकित्सा पेशे की धूमिल होती साख के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि इस पेशे की प्रतिष्ठा और शुचिता कायम रहे।

गौरतलब है कि देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था शुरूआत से ही उपेक्षा और बदहाली का शिकार रहा है। अभावों से जूझते सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में काम करने वाले चिकित्सकों और जूनियर डॉक्टर्स सीमित तनख्वाह में अपने परिवार से दूर 24 से 36 घंटे बीमार और गंदगी के बीच लगातार तीमारदारी में जुटे होते हैं। हाल के दिनों में काम के बोझ के चलते डॉक्टरों द्वारा खुदकुशी के मामले भी सामने आए हैं। दूसरी ओर सरकार डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को सुरक्षा देने में लगातार नाकाम रही है फलस्वरूप डॉक्टरों और अस्पतालों पर हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। चिकित्सा पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर अहम सवाल यह भी कि डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा केवल चिकित्सा बिरादरी से ही क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है। अलबत्ता पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।

बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। डॉक्टरों को अपने उपचार की प्रक्रिया पर पूरी पारदर्शिता लानी होगी ताकि मरीज और परिजन उपचार के खर्च और परिणाम दोनों के प्रति आश्वस्त हो सकें। सरकार को भी बुनियादी स्वास्थ्यगत ढांचे को मजबूत करना होगा वहीं समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें। आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह




# आज 'थैंक्यू , डॉक्टर साहब!' कहिए तो याद कीजिए...

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। मरीजों के प्राण व स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयत्नों में डॉक्टरों द्वारा प्रदर्शित समर्पण के लिए उनका सम्मान करने, उनके प्रति कृतज्ञता जताने और उन्हें धन्यवाद देने का दिन, जो 'भारतरत्न' से सम्मानित अपने वक्त के देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और बारह से ज्यादा वर्ष तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे डॉ. बिधानचंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन डॉ. बिधानचंद्र रॉय की जयंती भी है और पुण्यतिथि भी। 1882 में एक जुलाई को पटना के बांकीपुर में एक बंगाली कायस्थ परिवार में उनका जन्म हुआ था तो 1962 में एक जुलाई को ही निधन भी हुआ-उनके 80वें जन्मदिन पर। बहरहाल, राजनेता के रूप में काम करते हुए भी उन्होंने चिकित्सक के रूप में अपने दायित्वों के प्रति समर्पण में कोई कमी नहीं आने दी, जिसके चलते दूरदर्शी संस्था-निर्माता के रूप में सामने आये और आधुनिक भारतीय स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा शिक्षा के जनक माने जाने लगे। उन्होंने कलकत्ता में चित्तरंजन सेवा सदन, चित्तरंजन कैंसर अस्पताल, विक्टोरिया इंस्टीट्यूशन और जादवपुर टी.बी. अस्पताल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही देश में चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर मानकों के नियमन के लिए 1939 में भारतीय चिकित्सा परिषद की स्थापना की और उसके पहले अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1928 में देश के डॉक्टरों को एक मंच पर लाने के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के गठन में भी उनका बहुत बड़ा योगदान था। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो राज्य में स्वास्थ्य केंद्रों, प्रसूति केंद्रों, और कुष्ठ रोग क्लीनिकों का अभूतपूर्व विस्तार किया। मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी अनेकानेक व्यस्तताओं के बावजूद, वे प्रतिदिन दो घंटे गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा सहायता और दवाइयां देते थे। इसलिए एक जुलाई को, जो उनकी जयंती भी है और पुण्यतिथि भी, नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया और इस दिन उत्कृष्ट डॉक्टरों को सम्मानित किया जाने लगा। समय के साथ इस अवसर पर देश की पहली डिग्रीधारी महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी और उनके संघर्षों को भी याद किया जाने लगा। 1885 में पुणे (महाराष्ट्र) की आनंदीबाई गोपालराव जोशी ने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया तो उन्हें गुलामी के साथ पितृसत्ता की जाई नाना प्रकार की रूढ़ियों, संकीर्णताओं और परम्पराओं वगैरह का भारी भरकम बोझ भी उठाना पड़ा था। उन्होंने इंच-इंच संघर्ष कर सबको शिकस्त दी और देश की पहली डिग्रीधारी महिला डॉक्टर बनकर रहीं। अपने भीतर की मां को सदमे से उबारकर इस दृढ़ संकल्प तक पहुंचाया कि वे चिकित्सा विज्ञान पढ़कर डॉक्टर बनेंगी और अपने देखते किसी भी अन्य मां की गोद इस तरह सूनी नहीं होने देंगी। उन्होंने इस बाबत अपने पति गोपाल राव को बताया तो उन्होंने उसे पूरा करने में हर कदम पर उनका साथ देने का वचन दिया और उसे निभाया भी। उनका माता-पिता का दिया नाम यमुना था, जो विवाह के बाद एक परम्परा के तहत बदल दिया गया था और ससुराल वाले उन्हें आनंदीबाई कहकर पुकारने लगे थे। बाद में परम्परा के अनुसार अभिलेखों में उनके नाम के साथ पति का नाम जोड़ दिया गया तो उनका नाम आनंदीबाई गोपाल राव जोशी हो गया। अमेरिका में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करके वे स्वदेश लौटीं तो कोल्हापुर रियासत द्वारा संचालित अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल के महिला वार्ड में प्रभारी चिकित्सक नियुक्त हुईं। लेकिन नियति ने इस मोड़ पर भी उनका ट्रेजेडी से सामना कराना ही तय कर रखा था। पद भार संभालने के कुछ ही दिनों बाद वे तपेदिक (टीबी) की शिकार हो गईं, जो उन दिनों तक सर्वथा लाइलाज बीमारी मानी जाती थी। अंततः 26 फरवरी, 1887 को महज 22 साल की उम्र में इस असाध्य बीमारी ने उनकी जान ले ली और जिस तरह उनकी गोद सूनी हुई थी, उस तरह किसी और मां की गोद सूनी न होने देने का उनका सपना सपना ही रह गया। उनके वक्त में मुम्बई की उनकी जैसी ही बाल-विवाह पीड़िता रखमाबाई राउत (22 नवम्बर, 1864 - 25 सितम्बर,1955) ने नाना विघ्न बाधाओं के बीच लंदन स्कूल ऑफ मेडिसिन फॉर वीमेन से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर एमडी करनी चाही तो पाया कि वह संस्थान महिलाओं को एमडी ही नहीं करवाता। इसके चलते उन्हें ब्रसेल्स जाकर एमडी करनी पड़ी, जिसके बाद वे भारत की पहली महिला एमडी और पहली प्रैक्टिस करने वाली डॉक्टर बनीं। मुंबई के भीकाजी कामा अस्पताल में शुरुआती सेवाएं देने के बाद वे सूरत चली गईं और साढ़े तीन दशकों तक खुद को महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के प्रयत्नों में झोंके रखा।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें




संकलित

प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कैसे साबित करें कि हम भारतीय हैं

आज के दिन भारतीयों के पास कोई ऐसा प्रमाण या प्रमाणपत्र नहीं है जिससे वो अपना भारतीय होना साबित करें। क्या यह अफसोस और शर्म की बात नहीं है। मैं 81 वर्ष पहले यहां पैदा हुआ, दो-तीन पीढ़ियां गुजर गईं और आज हमें कहा जा रहा है कि साबित करो तुम भारतीय हो। नागरिकता प्रमाणपत्र सबको नहीं मिलता, शायद उनको दिया जाता है जो यहां के पैदाइशी नहीं हैं या जो नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं। अगर पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पैन कार्ड आदि नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं हैं, तो नागरिकता कैसे साबित करें। हाल में अदालत ने अपने फैसले में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना। इसके बाद से नागरिकता प्रमाणपत्र को लेकर बहस छिड़ गई है।

*– समीर भट्टाचार्य, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



उद्योगों के लिए पारदर्शी नीतियों, 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के ज़रिए हमारी सरकार मज़बूत औद्योगिक इकोसिस्टम बना रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' का मतलब है ऐसा भारत जो आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा हो।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर



1.5 अरब लोगों की आबादी के लिए, हमने 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए मज़बूत आधार तैयार हुआ है। यहां हमने स्क्रीनिंग और बीमारी का जल्द पता लगाने वाली सेवाएँ शुरू की हैं।

- **जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शिक्षा-परीक्षा प्रणाली



शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षाएं निष्पक्ष होंगी, तो तरक्की पक्की होगी। शिक्षा के कारण हिंदुस्तानी पहचान और इंसानियत खतरे में है। हम सकारात्मक शिक्षा लाएंगे और 'भाई-राष्ट्र' बनाएंगे। 'शिक्षा-परीक्षा प्रणाली' में बदलाव देश का भविष्य संवारेगा।

- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### युवा खिलाड़ी



आयरलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया। आईपीएल में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाने वाले खिलाड़ी को बेंच पर बिठाना बेवकूफी है। कल अभिषेक शर्मा और वैभव से ओपनिंग करवाओ! इन युवा खिलाड़ियों को अपना जलवा दिखाने दो।

- **सुनील गावस्कर**, पूर्व भारतीय क्रिकेटर


## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# एआई से बने चेहरों को पहचानना अब पहले जितना आसान नहीं




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार किए गए 'डीपफेक' चेहरे अब इतने वास्तविक दिखने लगे हैं कि वे अक्सर लोगों को धोखा दे देते हैं। कुछ शोध के अनुसार, 2027 तक डीपफेक से जुड़ी धोखाधड़ी का वार्षिक मूल्य 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। ज्यादातर लोगों के लिए एआई से बने चेहरों को पहचानना मुश्किल होता है। 2023 में हमें पता चला था कि कुछ एआई-निर्मित चेहरे इतने 'हाइपर-रियल' होते हैं कि वे वास्तविक इंसानी चेहरों से भी अधिक असली प्रतीत होते हैं। हमने यह भी पाया कि लोग अक्सर यह मानने में जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास दिखाते हैं कि वे एआई चेहरों की पहचान कर सकते हैं, जबकि सबसे अधिक आत्मविश्वासी लोग ही सबसे ज्यादा गलतियां करते हैं। डीपफेक का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर मौजूद तो हैं लेकिन वे यह नहीं बता पाते कि उन्होंने कैसे पता लगाया और उनमें कुछ बड़ी कमियां भी हैं। कुछ को तो बस तस्वीर का प्रारूप बदलकर जैसे पीएनजी से जेपीजी में बदलकर आसानी से धोखा दिया जा सकता है। हालांकि, यह भी सामने आया है कि अधिकतर लोग लगभग एक घंटे के अभ्यास से एआई-निर्मित चेहरों की पहचान करना सीख सकते हैं।

## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6



ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style

## निहारिका

### प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

## हॉलीवुड मसाला



### एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



### यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे


**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

### माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज...

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं। इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं।



## टीवी मसाला



### अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे।

'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है। गोल्डी किसी पर जल्दी भरोसा नहीं करता, इसलिए बॉबी को उसका विश्वास जीतने के लिए हर कदम पर खुद को साबित करना पड़ता है। जैसे-जैसे बॉबी गोल्डी के करीब पहुंचता है, वैसे-वैसे कई छुपे हुए सच सामने आने लगते हैं और रिश्तों में दरारें दिखने लगती हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बडों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



कला जगत
डा. नीलकंठ देवांगन



# नाचा में परी अपनी भूमिका से सिर्फ मनोरंजन नहीं, लोक दर्शन भी कराते हैं

नाचा छत्तीसगढ़ का लोक नाट्य है। प्रहसन और व्यंग नाचा के प्रमुख स्वर हैं। नाचा द्वारा किसी घटना या बात को तुरंत प्रस्तुत किया जाता है। नाचा के कलाकार अपने चेहरे एवं हाथों का सबसे अधिक इस्तेमाल करते हैं। यह अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त पक्ष है। इसमें जोकर का किरदार निभाने वाला हास्य कलाकार ही नायक होते हैं जो दर्शकों को भाव विह्वल कर देते हैं। नाचा सुखांत व दुखांत होते हैं। इसमें परी एक बेहद आकर्षक महिला किरदार होती है। नाचा के दौरान



उसका काम नाच - गाने के जरिये दर्शकों का मनोरंजन करना और जोकर के साथ मिलकर चुटीले संवाद बोलना होता है। संगीत, प्रहसन व नृत्य तीनों का संतुलन इसे लोकप्रिय बनाता है। यह गांवों एवं कस्बों में प्रचलित प्रभावी मंचीय कला है। हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। यह रतजगा होता है। नाचा में बरसन साज, हरडुवा साज, ठुठुवा साज, मंदराजी साज आदि प्रसिद्ध हैं। नाट्य निर्देशक हबीब तनवीर ने तो नाचा ' चरण दास चोर ' के माध्यम से यहां के कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। मदन निषाद व ठाकुर राम की पहचान नाचा से ही हुई। छत्तीसगढ़ी नाचा और गम्मत हमारी धरोहर हैं।

लोक साहित्य
छगनलाल सोनी

## पाठक मन के समझ लइक लेखन होही तभे येहा सार्थक रही




जीवन म लेखन के सार बात के कलमकारी ये हे कि पढे के संगे संग कढ़े के अनुभव ले जेन साहित्य रचे जाथे उही ह लोगन के मन ल मोहे अउ जीते के काम करथे। अपन पाठक के मन ल समझना हर साहित्यकार ल जरुरी हे - अपन सुधार होही तभे तो समाज अउ बेवस्था में सुधार लाय के काम हम कर सकबो। अपन भाषा, अपन बोली, अपन घर द्वार तक अपन साहित्य ल रूधना नी चाही। विचार बूंद नोहे वो तो सागर आए वोला लहरावन दो। विचार सुरुज आए वोला चढ़न दो, लकलकावन दो तभे मंझनिया खर होही। जइसे हमन पढ़े के आदत बनाबो, ज्ञान ल बढ़ाबो तइसे तइसे हमर भीतर के गुरु ह जागही। तभे हमर भाषा साहित्य के विस्तार होही। आज संचार के ज्ञान विज्ञान ले दुनिया छोटे होगे हे। हमला बांध के अउ छोटे नी करना हे। छत्तीसगढ़ी लिखईया ल हिन्दी अउ दूसर भाषा ले चिढ़ परहेज नई होना चाही। एक भाषा ह दूसर भाषा के अनुवाद के काम आथे। उही पाय के सब भाषा के सम्मान करना चाही। भाषा, बोली भले अपन हो जाए, फेर साहित्य तो सबके होथे। सूरज अउ चंदा के अंजोर कस साहित्य के अंजोर तक बगरना चाही, तभे साहित्य के जनता म चिन्हारी हो पाही।

परम्परा
पवन यादव 'पहुना'

## सामाजिक कार्यों में सहयोग करने वाला होता डीहवार



समान विचारधारा के मानव के समुच्चय को समाज कहा जाता है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में घर परिवार में सुख - दुख के चाहे कोई भी कार्यक्रम हो। सामाजिकता के ढंग से संपन्न करने के लिए गोत्रज लोगो के साथ डीहवार को जरुर बुलाया जाता है। उसके बिना कोई कार्य संपन्न नहीं होता। जैसे एक गोत्र के लोग गोतियार कहलाते है उसी तरह एक डीह - डोंगर वाले देवता-धामी के मानने वाले डीहवार कहलाते हैं। इनकी घर- परिवार में डीह (देहरी) से लेकर देवता खोली तक बनी रहती है। हमारे छत्तीसगढ़ के सामाजिक परंपरा मे डीहवार का एक महत्वपूर्ण स्थान है। एक ही जाति का एक समुच्चय पार कहलाता है। जो कई पारों में हो सकता है। गोतियार व डीहवार वह पार में हो सकते हैं लेकिन सामाजिक कार्य होने पर डीहवार उपस्थिति में ही कार्य पूर्ण होता है। इसलिए उन्हें बड़े सम्मान के साथ पहले नेवता दिया जाता है। आधुनिक समय में डीहवार का मदद लेना लोग कम रहे हैं, जिससे सामाजिक बंधन से लोग दूर होते जा रहे हैं।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

# गरियाबंद वनांचल में राम वन गमन मार्ग

पौराणिक
गौकरण मानिकपुरी






छत्तीसगढ़ का गरियाबंद जिला आर्थिक, सामाजिक सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण है। जहां अनेक पर्यटन धार्मिक स्थलों पर नैसर्गिक सौंदर्यता का वातावरण आस्था और मान्यताओं की पहचान छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि विदेशों में भी जाना पहचाना जाता है।

अनेक संत महात्माओं की यह तपोभूमि रही है, जो पुराणों और शास्त्रों में वर्णित है। साथ ही दस कुंड,





जामवंत गुफा और भगवान राम का इतिहास का भी जिक्र गजेटियर में किया गया है। ऐसे ही वर्णन हमारे विद्वानों और संतों और शोधकर्ताओं ने रामचरितमानस वर्णित भगवान राम सीता और लक्ष्मण जी का छत्तीसगढ़ में जहां जहां भगवान गये उन स्थलों को चिन्हांकित किया गया है, जिसे राम वन गमन मार्ग घोषित कर चौदह स्थानों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, इनमें धार्मिक एवं पर्यटन स्थल घटारानी जतमाई और झरझरा मंदिर के जंगलों के आसपास पानी का दस कुण्ड है जो लगभग 27 कि मी में छः कोस की दूरी पर स्थित है। शोधकर्ताओं के अनुसार कि भगवान राम लक्ष्मण और सीता माता जब बनवास काल में आए थे, तो प्यास लगने के कारण जगह जगह गड्ढा खोदकर प्यास बुझाये,यही गड्ढे अब कुण्ड के नाम से चर्चित है।जिसे जामपानी, सेम्हर पानी, सुरूंगपानी, कुंडेरापानी, कुरुपानी, गोंदला पानी, छुहीपानी, कुसुम पानी, खोखो पानी और अग्नि पानी नाम से जाना जाता है।

पर्यटन : डा. डी. पी. देशमुख



## पर्वत मालाओं से घिरा खूबसूरत नजारा
# नगरदा जलप्रपात



जिला सक्ती के नगरदा ग्राम के निकट ही गुड़हा पहाड़ी पर अवस्थित प्रसिद्ध नगरदा जलप्रपात प्राकृतिक सौदर्य और हरियाली से परिपूर्ण बेहद खूबसूरत झरना है। इसे झोरझोरा या गुड़हा जलप्रपात भी कहा जाता है।जिला मुख्यालय सक्ती से 22 कि.मी.,बाराद्वार से 15 कि.मी. दूरी पर नगरदा गांव से 3 कि.मी.पर चारों ओर से पहाड़ों से घिरा यहां का दूध की धार के समान बहता जलधारा अत्यंत ही मनोरम दृश्य उत्पन्न करता है, हरे भरे पेड़-पौधों के बीच यह जलप्रपात अपनी अलग ही खूबसूरती बिखेरता है। लगभग 40 से 50 फीट ऊंची पहाड़ से पानी की गर्जना भयावह होते हुए भी दर्शकों के लिए जिज्ञासा एवं कोतुहल का दृश्य होता है,ऐसा नजारा देखने मात्रा से ही सारी थकानें व डर दूर हो जाती है। यहाँ का मनोरम दृश्य स्मृति पटल पर सुखद अंदाज में कैद हो जाता है। यह जलप्रपात इस क्षेत्र के नैसर्गिक सौंदर्य स्थलों में से एक एवं प्रकृति का अनमोल उपहार है। पहाड़ियों और हरी-भरी वादियों से घिरा इस जलप्रपात की सुंदरता बरसात के दिनों में चरम पर होती है,जब पानी तेजी से बहता है तब यहां तीन झरने प्रवाहित होती है,जिसमें मध्य वाला झरना फव्वारे जैसा गिरता है। पिकनिक मनाने,नहाने और प्रकृति भ्रमण के लिए यह लोकप्रिय स्पाट है।झरने के नीचे प्राचीन शिवजी का मंदिर है, धार्मिक आस्था वाले आगंतुकों के लिए यह जगह पूजा-अर्चना करने व शांति प्राप्त करने का महत्वपूर्ण धर्म स्थल भी है।

सुरता
कमल नारायण

## कई विधाओं में दक्ष रहे गुरु मनोहर दास नृसिंह

गुरु मनोहर दास जी का जन्म आजीविका के लिए असम में बस चुके सुखीराम सतनामी के यहां ग्राम बॉसबेरा जिला तेजपुर के सम्पन्न परिवार में 1919 को हुआ। असमिया भाषा में आपने तीसरी कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की। मनोहर दास जी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान हिन्दी पढ़ना लिखना सीखा और 1950 से यहां स्थाई रूप से रहने लगे। आप सफल चित्रकार, मूर्तिकार, नाटककार, बढ़ई, दर्जी, सुनारी, राजगिरी, लेखक, कवि और समाज सुधार जैसी बहुमुखी विधाओं में आप दक्ष हुए। समाज में व्याप्त कुरीतियों से विचलित होकर उन्हें दूर करने, छत्तीसगढ़ी में रचना का प्रकाशन और उन्हें वितरित करना इसमें आपकी विशेष पहचान बनी। 1962-63 में गुरु घासीदास बाबा पर शोध कार्य करते हुए 1968 में गुरु



घासीदास बाबा नामक ग्रन्थ का तीन भागों में प्रकाशन कराए। सरल दोहे और चौपाई में भक्त नामावली सहित 56 पुस्तकें लिखी। आपकी विशेष उपलब्धि रही जिसमें आपको छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुरु घासी दास सम्मान से नवाजा गया। 20 दिसम्बर 2001 को इस संसार से आप विदा हो गए।

आस्था : श्रीमती आशा ध्रुव

## आदिवासी अंचलों में वर्षा ऋतु के आगमन पर संजोरी बिंदरी



वर्षा ऋतु के आगमन पर आदिवासी अंचलों में संजोरी बिंदरी पूजा की जाती है। वर्षा प्रारम्भ होने पर खेत खलिहानों में यह पूजा जेठ माह की पूर्णिमा या सुविधानुसार अमावस्या के दिन किया जाता है। गांव के पूर्व दिशा में जहां खिला मुठवा, कुंवारा भीमाल पेन, माता दाई, पंडरी पुंगार आदि देवताओं का ठाना होता है, उस स्थल में सभी ग्रामवासी पूजा करते हैं। इसके बाद गांव से एकत्र किए गए अनाज को पकाया जाता है। पूजा स्थल पर छोटा सा गड्ढा खोद कर उसे कोठी का रूप दिया जाता है, उस कोठी में अनाज भर कर पूजा की जाती है। उसी अनाज को पलाश की पत्तियों में डाल कर पुड़यिा बनाते हैं इन पुड़यिों को गांव के हर घर में वितरित किया जाता है। पूजा होने के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया जाता है, इस पूरी प्रक्रिया और पूजा को संजोरी बिंदरी कहा जाता है। इस पूजा के दूसरे दिन से ग्राम वासी खेत खलिहानों में धान बोना आरंभ करते हैं।



# सात साल बाद जून में ऐसा सूखा, जिले में 84% कम बारिश, पिछड़ रही खेती!

## जेठ के बीतने बाद अब आषाढ़ से उम्मीदें, बोनी के लिए बेहतर बारिश के इंतजार में बैठे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन सात साल बाद जून महीने में इतनी कम बारिश देखने को मिली है। इससे पहले साल 2019 में इतनी कम बारिश वाला जून महीना देखने को मिला था। इस बार की बात करें तो जहां मानसून लगभग आठ दिन देरी से जिले में पहुंचा था। वहीं अब तक मानसून सक्रिय नजर नहीं आया है। यही कारण है कि औसतन अब तक जिले में जहां 140 मिमी के करीब बारिश होनी थी। जिले में महज 23 मिमी बारिश ही हुई है। जबकि पिछले कुछ दिनों से मौसम विभाग लगातार बारिश को लेकर येलो एवं आरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। ऐसे में अब 30 जून से शुरू होने वाले आषाढ़ महीने से ही उम्मीदें बढ़ गई है। अल्प वर्षा के चलते जहां मौसम का तेवर ठंडा नहीं हो पा रहा है। वहीं खेती चक्र भी पिछड़ता जा रहा है। बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिन किसानों ने बारिश को देखे बिना बुवाई कर दी थी, उन्हें अब बीज खराब होने के चलते दोबारा बुवाई करने की नौबत तक आ रही है।

### जिले में वर्षवार जून की बारिश

| | |
|---|---|
| 2026 में | 23 मिमी |
| 2025 में | 42 मिमी |
| 2024 में | 118 मिमी |
| 2023 में | 246 मिमी |
| 2022 में | 116 मिमी |
| 2021 में | 168 मिमी |
| 2020 में | 248 मिमी |
| 2019 में | 33 मिमी |

ज्ञात हो इस बार के सूखे से पहले जिले में इतनी कम बारिश जून के महीने में साल 2019 में देखने को मिली थी।



### तीनों जिले बारिश में पिछड़े, किसान चिंतित

*ऐसा नहीं है कि केवल राजनांदगांव जिले में अल्प वर्षा देखने को मिल रही हो, बल्कि पूरे अविभाजित राजनांदगांव का यही हाल है। जिलेवार आंकड़े देखे तो राजनांदगांव जिले में इस बार रविवार तक महज 16 फीसदी यानी 23 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि सामान्य तौर पर इस अवधि में जिले में 137 मिमी बारिश होनी थी। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 38 मिमी बारिश हुई है, जो लगभग 75 फीसदी कम है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 64 मिमी बारिश हुई है, जो औसतन बारिश से 49 प्रतिशत कम है।*

### बारिश को लेकर अलर्ट

*इधर मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए बारिश को लेकर अलर्ट जारी किए है। नांदगांव एवं एमएमसी जिले के लिए जहां येलो अलर्ट जारी किए गए है, केसीजी जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी हुए है। बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो आषाढ़ की शुरुआत भी हो चुकीं है।*

### 6 फीसदी ही बुआई

*जून माह समाप्त होने को है, लेकिन अब तक खरीफ फसलों की बुवाई अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है। कृषि विभाग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जिले में लक्ष्य के मुकाबले 6 प्रतिशत से भी कम क्षेत्र में बुवाई हो पाई है। खेतों की तैयारी पूरी होने के बावजूद किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हर वर्ष जून के दूसरे पखवाड़े तक धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई तेज हो जाती है लेकिन इस बार पर्याप्त नमी नहीं मिलने से किसान बीज डालने का जोखिम नहीं उठा पा रहे हैं।*

# आपराधिक धाराओं का उल्लेख करना भूले याचिकाकर्ताओं पर लगा जुर्माना

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कानूनी ड्राफ्टिंग में गंभीर लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई है। नाराज कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं पर 5000 रुपए का जुर्माना ठोंका है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि को शासकीय बाल संप्रेषण गृह कोरबा के बच्चों के कल्याण के लिए भेजने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने नए सिरे से याचिका दाखिल करने की छूट दी है। यह मामला कोरबा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर पुलिस चौकी में दर्ज अपराध से जुड़ा हुआ है। 29 अप्रैल 2026 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा की अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। पूरी आपराधिक कार्रवाई और एफआईआर को निरस्त करने की मांग करते हुए मुख्य आरोपी मिनी लाल साहू, विक्की उर्फ सचिन कुर्रे और सतीश कुर्रे ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर की थी। इस मामले में कानूनी बाध्यताओं के चलते पीड़ित महिला की पहचान गोपनीय रखी गई। कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता के वकीलों ने अपनी अर्जी में एफआईआर, चार्जशीट और मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द करने की मांग तो की थी, आपराधिक धाराओं का उल्लेख करना ही भूल गए जिनके तहत उनके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# घर में गड़ा सोना निकालने के नाम पर पांच लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के बांदे थाना क्षेत्र में अंधविश्वास का फायदा उठाकर पांच लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। साधु के वेश में घर पहुंचकर परिवार की बीमारी दूर करने और घर में गड़ा सोना निकालने का झांसा देने वाले ठगों ने चमत्कारी भस्म के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने महाराष्ट्र में दबिश देकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से ठगी की 4.96 लाख रुपये की राशि और एक पिकअप वाहन भी बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीवी 104 दीपनगर निवासी 53 वर्षीय बलराम सरकार ने 25 जून 2026 को थाना बांदे में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 17 मई को दोपहर के समय एक व्यक्ति साधु के वेश में पांच पैर वाले नंदी बैल के साथ उनके घर पहुंचा। भीख मांगने के दौरान उसने परिवार की बीमारियों का जिक्र करते हुए दावा किया कि उनके घर में सोना गड़ा हुआ है, जिसे बाहर निकाले बिना परिवार की परेशानियां समाप्त नहीं होंगी।

### पखांजुर पुलिस ने आरोपियों से 4.96 लाख- वाहन जब्त



### सोना निकालने का झांसा 6 को भेजा गया जेल

*सोना निकालने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 6 आरोपियों नागपुर जिले के थाना मोहपा अंतर्गत भोला गवते पिता पिसाराम गवते उम्र 40 वर्ष निवासी नांदीखेड़ा, मुकेश सोनेश्वर पिता पिसाराम सोनेश्वर उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं.1, परसोडी, लिलाधर शिवाजी वाघमारे उर्फ निलेश पिता शिवाजी वाघमारे, उम्र 35 वर्ष निवासी शंकरपट, दिनेश सोनेष्वर पिता ईश्वर सोनेश्वर उम्र 30 वर्ष निवासी देशमुख खैरी, और परमेष्वर एकनाथ उर्फ देवा पिता पिसाराम एकनाथ उम्र 37 वर्ष निवासी सेलू थाना कणमेश्वर और गढ़चिरौली के गोसाई मुहल्ला वार्ड क्रमांक 02 नवेगांव निवासी शिवागिरी पिता सुरेश गिरी उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए जेल की सलाखों में भेजा गया।*

# मुरुम, पत्थर और बल्ली से कुचलकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगरी क्षेत्र के हत्याकांड की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि कुरूद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डाही में एक और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। शराब के नशे में हुए मामूली विवाद ने इस कदर तूल पकड़ा कि दोस्तों ने ही अपने एक साथी की मुरुम, पत्थर और लकड़ी की बल्ली से ताबड़तोड़ वार कर निर्मम हत्या कर दी।

मृतक की पहचान बोर खनन श्रमिक हुलासराम मंडावी (32 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच ग्राम डाही के शीतला माता मंदिर के पास मोबाइल टॉवर के नजदीक बगदेही रोड पर कुछ युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहा हुलासराम मंडावी भी रुक गया और उसने युवकों से शराब का जुगाड़ करने की बात कही। युवकों ने उसे अपने साथ बैठाकर शराब पिलाई, लेकिन नशा चढ़ते ही हुलास और अन्य युवकों के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते हीदेखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।

### शराब पार्टी में खूनी संघर्ष



### पुलिस की कार्रवाई आठ हिरासत में

*घटना की भनक लगते ही गांव के कोटवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी रागिनी मिश्रा, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, टीआई अवध राम साहू सहित साइबर सेल और एफएसएल की टीम देर रात ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर रात में ही रोशन ध्रुव, अमन ध्रुव, मुकेश यादव, चंद्रशेखर पटेल, रवि पटेल, सागर मरकाम और दो नाबालिगों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है।*

# स्पेशल ओलंपिक की भारतीय टीम में खेलेंगे सत्यांशु दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्पेशल ओलंपिक की भारतीय टीम में स्थान बनाकर धमतरी के सत्यांशु दीप ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। वे 12 से 16 जुलाई तक स्वीडन में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सत्यांशु दीप की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे धमतरी जिले और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा और क्षमता का यह उत्कृष्ट उदाहरण है, जो बताता है कि सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। सत्यांशु दीप सार्थक स्कूल के छात्र हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार सत्यांशु ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है। उनके शानदार प्रदर्शन और मेहनत का ही परिणाम है कि उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उनकी यह सफलता अन्य विशेष बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इससे यह संदेश जाता है कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### सार्थक स्कूल के छात्र ने किया प्रदेश का नाम रोशन



### समावेशी शिक्षा और खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

*सत्यांशु दीप का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन जिले में समावेशी शिक्षा, खेल संस्कृति और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिलेवासियों को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और सभी की शुभकामनाएं उनके साथ हैं। स्वीडन में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सत्यांशु दीप का प्रदर्शन न केवल धमतरी बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय होगा।*



दोनों राज्यों के हजारों लोग बेघर, हजारों करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे को नुकसान

# असम में 96 गांव बाढ़ के पानी में डूबे और अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन से 12 जिलों में हाहाकार, करीब 22 हजार लोग हो गए बेघर

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से स्थिति बिगड़ती जा रही है। दोनों राज्यों के हजारों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। असम में लेकू नदी के उफान से जोनाई इलाके में बाढ़ आ गई और नेशनल हाईवे 515 भी पानी में डूब गया। असम में 96 गांव बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। असम के छह जिलों के 22 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर धेमाजी जिले में पड़ा, जहां करीब 16 हजार लोग प्रभावित हैं। अब तक डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र की फसल खराब हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ से पैदा हुए हालात का जायजा लेने के लिए असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा और अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू से फोन पर बात की।

कहीं मौसम की आफत तो कहीं पर लोगों को बारिश की 'चाहत'

## गृह मंत्री अमित शाह ने हालात का जायजा लेने सीएम हिमंता सरमा और खांडू से फोन पर बात की



असम और अरुणाचल प्रदेश

### 2-3 दिन में पूरे देश में पहुंचेगा मानसून

उन्होंने बताया कि मॉनसून ने उत्तर प्रदेश और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र यानी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी दस्तक दे दी है और अगले दो-तीन दिनों में इसके गुजरात और राजस्थान के और हिस्सों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के बचे हुए इलाकों में भी फैलने की उम्मीद है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बाद पंजाब, हरियाणा औरएनसीआर में भी पहुंचने की संभावना है।

मुंबई के चेंबूर में बड़ा हादसा

## स्कूल बस पर गिरा पेड़, एक छात्र की मौत, कई घायल

मुंबई के चेंबूर में स्कूल बस पर पेड़ गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। बस में कुल 13 बच्चे सवार थे। घायल छात्रों को जैन अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। चार छात्रों का जैन अस्पताल में इलाज चल रहा है। चेंबूर ईस्ट में रोड नंबर 11 पर सेंट एंथोनी स्कूल के पास एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। फायर ब्रिगेड और बीएमसी की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। आपातकालीन बचाव दल ने गाड़ी के अंदर फंसे एक बच्चे को बाहर निकालने के लिए गिरे हुए पेड़ को काटा।


मुंबई। बस पर गिरा पेड़



### ठाणे में पेड़ गिरने से व्यक्ति गंभीर

इस तरह की एक और घटना में महाराष्ट्र के ठाणे में मंगलवार सुबह एक बड़ा पेड़ गिरने से 52 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि सड़क किनारे खड़े 10 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

मानसून ने पकड़ी रफ्तार

### उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों में 'सुपरफास्ट' दस्तक, 3-4 दिन में होगी बारिश

जून में मानसून की सुस्त चाल (43% की कमी) के बाद अब मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून अब 'छलांग' लगाकर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले 3-4 दिन में उत्तर भारत के बड़े हिस्से को कवर कर लेगा। वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि बचे हुए हिस्सों और मध्य भारत के कुछ इलाकों को लगभग कवर कर लिया है।

## मिट्टी के परीक्षण के आधार पर ही उर्वरक का उपयोग करें किसान : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के रेवाड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय, बावल में "खेत बचाओ अभियान" के समापन एवं हरियाणा एफपीओ मिशन के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं



किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को टिकाऊ कृषि, संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की, जबकि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में चौहान ने कहा कि मिट्टी की सेहत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि असंतुलित और अत्यधिक खाद एवं कीटनाशक के उपयोग से हमारी धरती माँ बीमार हो रही है।

केंद्र सरकार ने चिंताओं को दूर करते हुए कहा

# अभी तो चल रहा प्रयोग, अगले साल तक साफ हो जाएगी हमारी पॉलिसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पेट्रोल में 20फीसदी इथेनॉल मिलाने का प्रोग्राम अभी भी एक एक्सपेरिमेंट के तौर पर चल रहा है। इस पॉलिसी का असर अगले साल तक और साफ हो जाएगा। कई लोगों को चिंता है कि इथेनॉल की ज्यादा मात्रा मिलाने से पुरानी गाड़ियों को नुकसान हो सकता है और फ्यूल की क्षमता यानी माइलेज भी कम हो सकती है। सरकार ने इन चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा है कि ई 20 पेट्रोल और गाड़ियों के मैकेनिकल नुकसान के बीच कोई ठोस सबूत नहीं है। यह पॉलिसी भारत की एनर्जी सिक्योरिटी, किसानों और पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगी। सुप्रीम कोर्ट, सरकारी कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था यह याचिका कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने के लिए दायर की गई थी।

### पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिलाने पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई





### मंत्रालय ने लाभ बताया

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 अप्रैल से पूरे देश में इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की सप्लाई शुरू कर दी थी।सरकार ने अब 2030 तक पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की मात्रा को 30 फीसदी तक बढ़ाने का टारगेट रखा है। मंत्रालय ने इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम को 'सुरक्षित, ग्राहकों के लिए फायदेमंद और आर्थिक रूप से फायदेमंद' बताया था। मंत्रालय ने उन चिंताओं को भी खारिज कर दिया कि व्हीकल के इंश्योरेंस कवरेज पर असर पड़ सकता है।मंत्रालय ने कहा कि इथेनॉल ब्लेंडिंग दुनिया भर में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया है और इसे अमेरिका, ब्राजील और जापान सहित कई देशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इसमें कहा गया है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम ने कच्चे तेल के आयात को कम करके भारत को विदेशी मुद्रा में 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बचाने में मदद की है।

### सरकारी वकील ने क्या कहा?

वेंकटरमणी ने तर्क दिया कि अगर एक सप्लायर के एलोकेशन में बदलाव की इजाजत दी जाती है, तो दूसरे सप्लायर भी ऐसी ही मांग कर सकते हैं, जिससे कई कानूनी मामले खड़े हो सकते हैं और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इथेनॉल-ब्लेंडेड पेट्रोल प्रोग्राम को कोऑर्डिनेट कर रहे बीसीसीएल को टेंडर प्रोसेस के बाद कुल मिलाकर करीब 1,759 करोड़ लीटर की सप्लाई के ऑफर मिले थे। वेंकटरमणी ने ट्रांसफर याचिका दायर करने की इजाजत मांगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस मामले पर अक्टूबर से पहले फैसला होना जरूरी है, क्योंकि तब इथेनॉल सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट्स का नवीनीकरण यानी रिन्यूअल होना है। अगर मैं डिवीजन बेंच के पास जाता हूं और फिर दूसरे हाई कोर्ट्स में भी जाता हूं, तो इसमें देरी होगी। इसके बदलने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनियों को कितना इथेनॉल उपलब्ध कराया जाएगा, यह मांग और अन्य कारकों के आधार पर कम या ज्यादा हो सकता है।

मुंबई में हादसा
चार बच्चे अस्पताल में भर्ती

## चलती स्कूल बस पर गिरा पेड़, छात्र की दर्दनाक मौत



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के चेंबूर इलाके में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रोड नंबर-11 पर एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया। इससे बस क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा दोपहर 2:50 बजे हुआ. इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई और व अन्य कई स्कूली बच्चे घायल हो गए। ये बस यूनिवर्सल स्कूल (तिलक नगर) की थी। इस हादसे के बाद बच्चो में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बच्चों को बचाने और मदद के लिए दौड़ पड़े। मुंबई पुलिस और अधिकारियों के अनुसार, हादसे के समय बस में 18 छात्र सवार थे। राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया गया। हालांकि इस दुर्घटना में 11 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद चार घायल बच्चों को इलाज के लिए ज़ेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी), दमकल विभाग और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। पेड़ को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई और राहत कार्य तेजी से पूरा किया गया।

वडोदरा में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री

## अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा हो राष्ट्र यही है आत्मनिर्भरता का वास्तविक अर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आत्मनिर्भरता के संबंध में एक जरूरी टिप्पणी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि इसके मायने किसी भी रूप में अलग-थलग पड़



जाना नहीं है। बल्कि इसका अर्थ एक ऐसा राष्ट्र है, जो अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा हो और पूरी दुनिया के साथ एक समान भागीदार के रूप में जुड़े। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा में आयोजित किए गए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है। उनके इस बयान को रक्षा मंत्रालय ने मीडिया से साझा किया है।

**इन सिद्धांतों पर टिके हैं महान राष्ट्र :** तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारत की आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमता और सामूहिक संकल्प ही आगामी दशकों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी भूमिका निर्धारित करेंगे। राजनाथ के मुताबिक, इतिहास हमें सिखाता है कि महान राष्ट्र तीन मूलभूत स्तंभों पर टिके होते हैं। आर्थिक शक्ति, प्रौद्योगिकी संबंधी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुरक्षा शामिल हैं।

**सुरक्षित राष्ट्र स्थिरता प्रदान करता है :** उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि और प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं। आर्थिक समृद्धि, प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं।

### उद्योगों की बढ़नी चाहिए भागीदारी

उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत की यात्रा में क्षेत्रीय उद्योगों को भागीदार बनना चाहिए। जिसका उद्देश्य महज आर्थिक विकास का लक्ष्य नहीं बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध, प्रौद्योगिकी की दृष्टि से सक्षम और सामाजिक रूप से मजबूत राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है। क्षेत्रीय शक्तियों को राष्ट्रीय क्षमताओं में स्थानीय नवाचारों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में और औद्योगिक विकास को रणनीतिक शक्ति में बदलना होगा।

दिल्ली में 'ह्यूमन मोबिलिटी पार्टनरशिप फोरम' में डॉ.जयशंकर का संबोधन

## वैध प्रवासन के पक्ष में मजबूती से खड़ा भारत, अब तक 26 देशों संग किए समझौते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बीते वक्त में अमेरिका से बड़ी तादाद में भारत वापस भेजे गए अवैध प्रवासियों के मामले के मीडिया की सुर्खियों में छाए रहने के बाद विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित ह्यूमन



मोबिलिटी पार्टनरशिप फोरम को संबोधित करते हुए जानकारी दी। जिसमें उन्होंने एक बार फिर से यह साफ कर दिया है कि भारत पूरी दृढ़ता के साथ कानूनी प्रवासन के साथ खड़ा है। अब तक इस संबंध में नई दिल्ली ने दुनिया के कुल 26 से ज्यादा देशों के साथ 28 प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनका मकसद इससे जुड़ी प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना है। कई अन्य देशों के साथ भी इस विषय को लेकर वार्ता जारी है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि एमएमपीए जैसे समझौते केवल विदेशों में अपने देश के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक मजबूत स्तंभ है। भारत का उद्देश्य अपने कुशल कार्यबल को जापान, जर्मनी और इटली जैसे देशों की बढ़ती हुई आर्थिक जरूरतों के साथ जोड़ना है। विदेश मंत्री ने कहा कि कामगारों के लिए सुरक्षित और कानूनी प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल टूल्स (ई-माइग्रेट पोर्टल) का उपयोग किया जा रहा है।

### साझा जिम्मेदारी निभाने से बनेगी बात

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि सभी देशों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वह अवैध प्रवासन, शोषण करने वाली पद्धतियों, झूठे बिचौलियों और मानव तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। यह वह तमाम चुनौतियां हैं, जिनकी वजह से वैध प्रवासन से जुड़े हुए वैश्विक इकोसिस्टम की विश्वसनीयता से समझौता होता है और दुनियाभर में संबंधित मामलों के पीड़ितों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment
आवश्यकता

हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

पैकिंग/लोडिंग कार्य

आवश्यकता है- चायपत्ती में पैकिंग कार्य के लिए लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लिए पुरुष की आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल :- 74699-80000, 0771-4075490.(RO-873)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करे, डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, 8109135400, 9179380728. (RO-756)

टाइल्स शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवकों की आवश्यकता है संपर्क -मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा, थाने के सामने, रायपुर। मोबाइल - 9827109679.(RO-166)

हरिभूमि क्लासीफाईड

मशीन ऑपरेटर

आवश्यकता है- जे.सी.बी. 3DX टायर मशीन चलाने हेतु 2 ऑपरेटर की आवश्यकता हैं वेतन - योग्यतानुसार लायसेंस हैवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता (रहने+गैस की सुविधा उपलब्ध) जय हनुमान ट्रेडर्स ऊपरवारा नया रायपुर मो. 9098515239, 9399440771. (RO-875)

ऑफिस स्टाफ

आवश्यकता है- न्यू कंपनी विस्तार हेतु आवश्यकता हैं- लड़के, लड़कियों की 8वीं 10वीं पास सैलरी 12000 से 15000 हजार, रहना फ्री, मिले:- AMBITION COMPNY सुंदर नगर रायपुर Mob. No. 9098100628, 8435887784.(RO-877)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 7000+ कमीशन वीकली बोनस से कमाए 15,000 से 20,000 पता - रामनगर भिलाई Mo.no.- 8103147651 .(RO-876)

हेल्पर/ड्रायवर

आवश्यकता है- होलसेल गारमेंट शॉप हेतु शॉप हेल्पर कम ड्राइवर की आवश्यकता है। दुकान, घरेलू कार्य एवं बाहर लाइन के कार्य करने में सक्षम व्यक्ति। शॉप: पंडरी, रायपुर निवास: श्याम नगर, तेलीबांधा 9111356353. (RO-272)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

दुकान कार्य

आवश्यकता है- मोबाइल स्टोर में मोबाइल एससेरीज दिखाने हेतु लड़के- लड़कियों की (आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव) योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आसपास रहवासी बायोडाटा के साथ संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेनरोड. तेलीबांधा 7869999902.(RO-041)

ऑपरेटर/हेल्पर

आवश्यकता है- पी.वी.सी. पाईप मशीन हेतु ऑपरेटर की 02 पद मिक्चर मशीन हेतु हेल्पर 04 पद की आवश्यकता है। रहने के लिये रूम सुविधा है बंजारी पाईप रावाभाठा रायपुर (छ.ग.) संपर्क:- 9300374656.(RO-878)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर (उज्जैन इंदौर उदयपुर ) मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 7777800422, 9993044523. (Ro -366)

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 7880003160, 7880003190.(RO-528)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ड्रायवर

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955. (RO-63586)

अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु ( 10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 से 42) सैलरी- 26500/- से 45500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 8400406891. (RO-102)

Services
सर्विसेस

हॉस्टल / भवन चाहिए - रूंगटा आर 1 इंजीनियरिंग कॉलेज कोहका भिलाई को बॉयज के लिए 30 सीटर हॉस्टल/भवन की आवश्यकता है। संपर्क करें। 9229155526, 9229355523. (आरो न - 306)

Finance
फायनेंस

फाइनेंस - बंधना फाइनेंस द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुपलोन, बिजनेस लोन 2 प्रतिशत ब्याज में। 25. हजार से 30 लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। संपर्क:- 9770833099. (RO-4282)

फाइनेंस - लोन SAI KRIPA FINANCIAL SERVICE पर्सनल लोन ,मॉर्गेज लोन, बिजनेस लोन , लोन ट्रांसफर (B.T) , होम लोन, के.सी.सी लोन, पट्टे पर लोन, कार एवं हेवी व्हीकल लोन, बिना बैंक के चक्कर लगायें लोन प्राप्त करें पता:- शॉपनं.231 आकाशंगगा, ढिल्लन कॉम्पलेक्स सुपेला भिलाई मो.- नुरज सिंह राजपुत - 7587287565, 9165058207, 83139119645. (आरो न - 307)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## जैकेट के शेष

### आदिवासियों के देवदूत...

सेवा कर रहे हैं डॉक्टर विपिन ठाकुर। दुर्गम इलाके के वंचित आदिवासी उन्हें टक्का डॉक्टर (यानी जिनके सिर पर बाल कम हो) के रूप में जानते और देवदूत की तरह मानते हैं। आज जब हर कोई बेहतर सुविधा की चाह रखता है। बड़े शहरों-राजधानियों में पोस्टिंग की होड़ के बीच बरसों से सुदूर आदिवासी इलाके में जान जोखिम में डालकर भगवान बने कुछ डॉक्टरों की सेवा देखकर गर्व से दिल भर जाता है। पढ़िए डॉक्टर्स डे पर हमारी **खास खबर :** सुकमा जिले के कनईगुड़ा, मुलावा चिमलीलावा, प्रो गुमड़ी, काकड़ी, कोंडासावली, हिड़मा जैसे अंदरूनी इलाके जहां मुख्यधारा की चिकित्सा व्यवस्था का अभाव था। नक्सल खौफ के कारण बाहरी लोग जाने से डरते थे, वहां जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉ. विपिन ठाकुर यानी टक्का डॉक्टर ने मोर्चा संभाला। मलेरिया, डायरिया, उल्टी-दस्त और सांप-बिच्छू के काटने जैसी आपात स्थितियों में ये डॉक्टर दुर्गम गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की जान बचा रहे हैं। इसके चलते ग्रामीण टक्का डॉक्टर को मसीहा मानते हैं।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों ....

केन्द्र के अंतर्गत सात उप स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं। एसएचसी जगरगुंडा, उप स्वास्थ्य केन्द्र तिम्मापुरम, चिमलीपेंटा, सिलगेर, उर्सगल, कामाराम, कोंडासावली शामिल हैं। इन इलाकों में कठिनतम अतिदुर्गम पहुंचविहीन इलाकों की संख्या 21 है, जो बरसात में टापू बन जाते हैं। इसमें कनईगुड़ा, मुलावा चिमलीलावा, प्रो गुमाड़ी, काकड़ी, कोंडासावली, हिड़मा अति दुर्गम क्षेत्र शामिल हैं।

### स्वास्थ्य विभाग .....

मलेरिया चुनौती है, यहां प्रतिदिन 40-50 मरीज अस्पताल में आते हैं और माह में लगभग 15-16 प्रसव होता है। साथ ही सर्पदंश, कुत्ता काटने, भालू के काटने, बिच्छू के दंश, जहर पीने वाले लोग मरीज आते हैं। सड़क दुर्घटना में घायल भी पहुंचते रहते हैं।

### पहाड़ लांघकर पहुंच .....

ऐसे विषम भौगोलिक और संवेदनशील क्षेत्रों में 'टक्का डॉक्टर' ग्रामीणों को तात्कालिक राहत और आपातकालीन चिकित्सा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### डॉ. भेषज की ....

23 सालों से एक घने, नक्सल प्रभावित और बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते क्षेत्र को ही अपनी दुनिया बना ली। हम बात कर रहे हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ के बीएमओ डॉ. भेषज कुमार रामटेके की। 1 जुलाई को जब पूरा देश डॉक्टर्स डे मना रहा होगा, तब अंतागढ़ की करीब एक लाख की आबादी डॉ. रामटेके के उस निस्वार्थ समर्पण को नमन कर रही होगी, जिसके बिना शायद वहां की सांसें थम सी जातीं। साल 2003 में जब डॉ. रामटेके ने अंतागढ़ में कदम रखा था, तब परिस्थितियां ऐसी थीं कि कोई वहां रुकना नहीं चाहता था। साल 2005 में इस क्षेत्र ने वह खौफनाक मंजर देखा, जिसने डॉ. रामटेके के हौसले की सबसे कठिन परीक्षा ली। **अस्पताल परिसर के बाहर जब गूंज रही थीं गोलियां :** अंतागढ़ जैसे अत्यधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में काम करना हर दिन मौत को छूकर निकलने जैसा था। वह रात डॉ. रामटेके कभी नहीं भूल सकते, जब सैकड़ों नक्सलियों ने अंतागढ़ नगर को घेर लिया था। अस्पताल, पुलिस थाना और डॉक्टर का निवास एक ही परिसर में था। पूरी रात अंधाधुंध गोलीबारी होती रही, खिड़कियों के कांच टूटते रहे। डॉक्टर साहब का एक ही संकल्प था, चाहे कुछ भी हो जाए, अस्पताल के भीतर जिंदगी की लौ बुझने नहीं देनी है।

### ट्रिपल मर्डर की ....

आशुतोष त्रिपाठी पिता मनोज त्रिपाठी सहित अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी शामिल हैं। बताया गया कि 30 जून को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने पीड़ित परिवार से चर्चा की, जिसके बाद सरकार की ओर से सीबीआई जांच की सहमति दे दी गई।

### हरिभूमि-आईएनएच का....

से जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर भी संवाद होगा। जिला संवाद में भाजपा की ओर से जिलाध्यक्ष एतराम साहू सहित पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर व नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी मौजूद रहेंगे। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### पुलिस विभाग की ....

इस मामले में वेतन शाखा के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मामला विशेष आडिट और वेतन भुगतान सॉफ्टवेयर की जांच के दौरान सामने आया। जांच में वेतन मद से जारी की गई राशि और कर्मचारियों के वास्तविक वेतन भुगतान के बीच बड़ा अंतर पाया गया। 3 करोड़ रुपए से अधिक की संदिग्ध वित्तीय गड़बड़ी का खुलासा हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऑनलाइन वेतन ट्रांसफर के दौरान कुछ खातों में वास्तविक वेतन से कई गुना अधिक राशि भेजी जा रही थी। पुलिस को संदेह है कि इस पूरी प्रक्रिया को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया और लंबे समय तक इसका पता नहीं चल सका। प्रारंभिक पूछताछ के बाद वेतन शाखा में पदस्थ आरक्षक हेमंत मेथ्यू, गिरीश रॉय व राजकुमार कतलम को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जांच टीम खंगाल .....

कर्मचारी, बैंकिंग प्रक्रिया से जुड़े लोग या बाहरी व्यक्तियों की भी कोई भूमिका रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि अतिरिक्त राशि का उपयोग कहां और किस उद्देश्य से किया गया।

### राम मंदिर चंदा ....

प्रतिनिधिमंडल ने चंदा चोरी के खिलाफ अयोध्या कूच करने और वहां एक बड़ी पदयात्रा निकालने का ऐलान किया था। इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करने के लिए यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अयोध्या पहुंच गए थे। लेकिन पुलिस ने राय को अयोध्या स्थित 'पदम श्री पैलेस होटल' में ही हाउस अरेस्ट कर लिया। अमेठी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक सिंह अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा और बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया को भी उनके घरों में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।

# रिश्वत लेते समय अधिकारी के साथ मौजूद रहना आपराधिक साजिश में शामिल होना नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## पूर्व सहमति थी यह साबित करने अभियोजन पक्ष को रखना होगा ठोस साक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल इस आधार पर कि कोई लोक सेवक उस स्थान पर मौजूद था जहां कथित रूप से रिश्वत ली गई, उसके खिलाफ आपराधिक साजिश का आरोप सिद्ध नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि साजिश साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष को ठोस साक्ष्यों के माध्यम से यह दिखाना होगा कि आरोपियों के बीच पहले से 'मीटिंग ऑफ माइंड्स' (पूर्व सहमति) थी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपीलों को खारिज करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें तीन केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारियों को बरी किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि सिर्फ संदेह, संबंध या मौके पर मौजूदगी के आधार पर आपराधिक साजिश का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। अदालत ने कहा कि साजिश तभी सिद्ध होगी जब आरोपियों के बीच किसी अवैध कार्य को अंजाम देने के लिए पूर्व सहमति और साझा आपराधिक मंशा के ठोस प्रमाण हों।

### मामला सीबीआई ट्रैप से जुड़ा है

मामला वर्ष 1995 के सीबीआई ट्रैप से जुड़ा है। आरोप था कि तत्कालीन सेंट्रल एक्साइज सुपरिंटेंडेंट आर.के. श्रीवास्तव ने एक फैक्ट्री से जब्त दस्तावेज लौटाने के बदले 80,000 रिश्वत की मांग की थी। अभियोजन का दावा था कि इंस्पेक्टर ए.के. गाबा, आलोक गुप्ता और दुष्यंत कुमार भी इस साजिश का हिस्सा थे क्योंकि वे कथित रिश्वत मांगने या लेने के दौरान मौके पर मौजूद थे। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व आपराधिक साजिश के तहत दोषी ठहराया था।

## अमरनाथ यात्रा से पहले आईएसआई का 20 साल पुराना एजेंट गिरफ्तार

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से ठीक कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कथित आतंकवादी मददगार हाजी लतीफ को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह पिछले 20 सालों से पाकिस्तानी आतंकवादियों की भारत में घुसपैठ कराता रहा है। बताया जा रहा है कि उसने करीब 12 घुसपैठियों को भारत में घुसने में मदद की थी। यह गिरफ्तारी ऐसे वक्त में हुई है जब हजारों श्रद्धालु 3 जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक यात्रा के लिए तैयार हो रहे हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से 7 की मौत

**रांची।** झारखंड में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में दो महिलाओं और आठ वर्षीय एक बच्ची समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये मौतें रांची, बोकारो, देवघर, दुमका, हजारीबाग, लातेहार और पलामू जिलों में हुईं। रांची जिले में अंगड़ा थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय एक किसान भागीरथ महतो, आलोक कुमार तुरी की पलामू में मवेशी चरा रहे एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। इसी प्रकार हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के खुटरा गांव में 36 वर्षीय एक महिला मजदूर और दो अन्य महिलाओं सहित एक बच्ची की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई।


**कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला-दंतेवाड़ा (छ.ग.)**
फोन नम्बर- 07856-244910
ईमेलआईडी- cmogeedam@gmail.com

क्र. / 872 / लो.नि.वि. / 2026 — गीदम, दिनांक 25/06/2026

**// जेम निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय नगर पंचायत गीदम द्वारा मेन पावर आउटसोर्सिंग सर्विस में उच्च कुशल, कुशल, अर्धकुशल, अकुशल कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जलकार्य, सामान्य प्रशासन, विद्युत यंत्रिकी, राजस्व / बाजार, स्वच्छता कमांडो अंतर्गत कर्मचारी/ श्रमिक प्रदाय हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है विवरण निम्नानुसार है:-

| जेम बिड क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | बिड बंद होने का तारीख |
|---|---|---|---|---|
| GEM/2026 /B/7713157 | Supply of Manpower (Highly skilled, Skilled, Semi Skilled, Un-Skilled) at Nagar Panchayat Geedam | 48.65 | 49000 | 25/07/2026 |

उपरोक्तानुसार निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी जेम पोर्टल http://gem.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम
जिला दक्षिण दन्तेवाड़ा गीदम (छ.ग.)



## गुमशुदा



**साहिल पाल**
उम्र-20 वर्ष
पिता- कैलाश पाल
माता- जाम बाई पाल
निवासी- ग्राम सिवनी, रावण भाटा चौक, थाना मुजगहन, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

साहिल पाल दिनांक 10 जून 2026 से लापता हैं। उनका हुलिया इस प्रकार है-कद लगभग 5.2 फीट, चेहरा चौड़ा, बाल काले, रंग गेहुआ तथा साधारण शरीर है। घर से निकलते समय उन्होंने लाल रंग की शर्ट एवं भूरे रंग का चड्डा पहन रखा था। उनके गले में तिल का निशान है। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है तथा वे बोल नहीं सकते।

यदि किसी भी व्यक्ति को साहिल पाल के संबंध में **कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें,** तो कृपया तत्काल उनके परिजनों को मोबाइल नंबर: **9977320486** पर सूचना दें।


## पेज एक के शेष

### मानसून की दमदार....

एक्टिव है। मध्य महाराष्ट्र में भी तेज बारिश देखने को मिल सकती है। केरल, तटीय कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में लगातार बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी गरज के साथ बारिश जारी रह सकती है।
**क्या है ये 1500 किमी लंबी पट्टी? :** मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि बादलों का एक विशाल और निरंतर चलने वाला सिस्टम तैयार हुआ है। यह सिस्टम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा को पार करते हुए सीधे कश्मीर तक पहुंच रहा है। 1500 किलोमीटर के इस लंबे दायरे में लगातार घने, पानी से लदे मेघ बने हुए हैं, जो किसी भी समय मूसलाधार बारिश बनकर बरस सकते हैं।

### एसआईआर के खिलाफ ...

(डीएमके) समेत 23 विपक्षी दलों और निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हस्ताक्षर किए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि इस पत्र पर उन 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने हस्ताक्षर किए हैं, जो 8 जून को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल हुए थे। लेटर में कहा गया है कि जब लोकतांत्रिक संस्थाएं अपेक्षित तरीके से काम नहीं करतीं, तब देश की जनता न्यायपालिका की ओर उम्मीद से देखती है। इसमें चुनाव आयोग की भूमिका और एसआईआर प्रक्रिया से विभिन्न राज्यों में लोगों पर पड़े प्रभाव की बात की गई।

### रामगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय ...

शकुंतला पोर्ते, विधायक सामरी श्रीमती उद्देशवरी पैंकरा, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, अध्यक्ष पुरातात्विक डॉ. एम कालीमुथु, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जपं अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, जिपं सदस्य श्रीमती राईमुनिया कुरियाम एवं श्रीमती राधा रवि, सरपंच प्रदीप सिंह, नंदराम, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### वेनेजुएला में मलबे....

और बचाव दलों के मुताबिक, लापता लोगों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है और आशंका है कि लगभग 60,000 लोग अभी भी लापता हैं। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, रेस्क्यू ऑपरेशन में चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।

## फर्जीवाड़ा करने वाला गडचिरोली का पार्षद गिरफ्तार

**गडचिरोली।** महाराष्ट्र के गडचिरोली जिले में छत्रपति संभाजीनगर की चमोर्शी नगर पंचायत से पार्षद आशीष पिपरे को गिरफ्तार को फर्जी प्रशासनिक मंजूरी आदेश तैयार करने और उन पर जिलाधिकारी के जाली हस्ताक्षर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जिला खनन अधिकारी इमरान शेख ने पहले बताया था कि अज्ञात लोगों ने जिलाधिकारी के हस्ताक्षर की नकल की और जिला खनिज फाउंडेशन के लेटरहेड का गलत इस्तेमाल करके फर्जी प्रशासनिक मंजूरी आदेश तैयार किए। शिकायत के बाद जांच के आधार पर पार्षद आशीष गिरफ्तार कर लिया गया। पिपरे को कुछ महीने पहले जालसाजी के एक अन्य मामले में नाम सामने आने के बाद भाजपा से हटा दिया गया था।

## फर्जी पहचान पत्र के साथ 3 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोझिकोड।** केरलम पुलिस ने हाल ही में कोझिकोड के मावूर इलाके में बने प्रवासी श्रमिकों के एक कैंप में अचानक छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने 3 बांग्लादेशी लोगों को पकड़ा, जिनके पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस को इनके पास से फर्जी पहचान पत्र मिले, जिससे उनकी पहचान बांग्लादेशी नागरिकों के तौर पर हुई। पुलिस टीम की अगुवाई स्टेशन हाउस ऑफिसर मोहम्मद रफीक कर रहे थे। पकड़े गए लोगों के नाम मोहम्मद वूला हुसैन, मोहम्मद हसन अली और मोहम्मद मेहदी हसन बताए गए हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत कसडोल, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / 400 / न.पं. / लो.नि.शा. / 2026-27 — **:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::** — कसडोल, दिनांक 30/06/2026

नगर पंचायत कसडोल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | एस.ओ. आर | अमानत राशि (रू. में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 194413 | शहीद वीर नारायण सिंह चौक से संजीवनी हास्पिटल तक ट्यूबलर पोल विस्तार कार्य। ( बलार रोड कसडोल) (तृतीय निविदा) | 14.14 | PWD ELECTRICAL SOR 01.06.2020 | 10650.00 | 16.07.2026 17:30:00 |
| 2 | 194416 | गायत्री चौक से कपूरताल तालाब तक ट्यूबलर पोल विस्तार कार्य। (सिरपुर रोड कसडोल) (तृतीय निविदा) | 17.79 | PWD ELECTRICAL SOR 01.06.2020 | 13350.00 | 16.07.2026 17:30:00 |
| 3 | 194418 | वार्ड क्र. 06 में मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य (द्वितीय निविदा) | 47.08 | CG PWD Building SOR 01.01.2015, Road SOR 01.01.2025 & Electrical SOR 01.06.2020 | 35400.00 | 16.07.2026 17:30:00 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत कसडोल,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल सिग्नल और टेलीकॉम अभियंता/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर निम्नलिखित कार्य को पूरा कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** (i) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में निम्नलिखित कार्यों के प्रावधान के संबंध में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में संशोधन एवं परिवर्तन का कार्य: (a) परमलकाशा स्टेशन एवं गंगाझरी स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान। (b) नैनपुर स्टेशन पर HS-&SPART का प्रावधान। (c) द.म.पू.रे. के नागपुर मंडल के मुरहीपार (MUP) स्टेशन पर PQRS साइडिंग का प्रावधान। (ii) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में इंटरलॉक्ड LC गेट संख्या 514 (GJ स्टेशन), LC गेट संख्या 557 (SAL स्टेशन), LC गेट संख्या 563 (KP स्टेशन) एवं LC गेट संख्या 517 (KWN स्टेशन) को समाप्त करने के संबंध में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में संशोधन एवं परिवर्तन का काय। **ई–टेंडर नोटिस:** ST-EI-Alt-04Stn-5LCs, दिनांक: 22.06.2026; **निविदा मूल्य:** ₹ 3,54,44,665.45, **बयाना राशि:** ₹ 7,08,900/–, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 (छह महीने)।

**टेंडर जमा करना: बोलीदाता अपनी ओरिजिनल/संशोधित बोलियां केवल 15/07/2026 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।**

जानकारी हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल और टेलीकॉम अभियंता/
PAM/13/25 — द.पू.म.रेलवे, नागपुर
South East Central Railway @secrail



**NAGAR PANCHAYAT KUNKURI, DIST - JASHPUR, C.G**
**E-Procurement Tender Notice (2ND Call)**

NIT NO:325/2026 — KUNKURI, Dated 30.06.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/supply works up to date 16.07.2026 at 17.30 Hours

| System tender No. | Description | P.A.C |
|---|---|---|
| 194387 | BT Road topping from Mini garden to Jamtoli primary school, Ward no 6, Nagar Panchayat Kunkuri. | 11.19 LACS |
| 194388 | BT Road topping from Main road Isha Nursing to BSNL office, Ward no 7, Nagar Panchayat Kunkuri. | 11.55 LACS |
| 194389 | BT Road topping from Govt quarters to Rafeeq Ghar, Ward no 11, Nagar Panchayat Kunkuri. | 12.03 LACS |
| 194390 | BT Road topping from CSEB office to Lambitoli Road, Ward no 7, Nagar Panchayat Kunkuri | 14.70 LACS |
| 194391 | BT Road topping from Loyola School to Lazurus Minz ghar, Ward no 2, Nagar Panchayat Kunkuri. | 16.68 LACS |
| 194392 | BT Road topping from Aadya Shankar Tripathi ghar to SLRM centre, Ward no 1, Nagar Panchayat Kunkuri. | 23.36 LACS |
| 194393 | BT Road topping at Azad basti, Ward no 9, Nagar Panchayat Kunkuri | 23.35 LACS |
| 194394 | BT Road topping from Talkies chowk to Lambitoli road Ward no 8, Nagar Panchayat Kunkuri. | 24.04 LACS |
| 194395 | BT Road topping from Mangal Bhavan to Ginabahar Marg seema, Ward no 1, Nagar Panchayat Kunkuri. | 28.81 LACS |
| 194396 | BT Road topping from Mahima school to Behratoli, Ward no 15, Nagar Panchayat Kunkuri. | 29.18 LACS |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 30.06.2026 at 10:30 Hours. (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT KUNKURI


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


# रूस ने यूक्रेन के औद्योगिक शहरों में की बमबारी, 12 मरे, दर्जनों घायल

एजेंसी ▶▶| डिजिटल डेस्क, कीव



रूस के यूक्रेन पर हुए हवाई हमलों में 12 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। सोमवार दिन में ये हमले तब हुए जब लोग घरों से बाहर खुले में मौजूद थे। इसलिए इन हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच यूक्रेन के हमलों की चपेट में रूस की कई रिफायनरियों, तेल-गैस गोदाम और तेल-गैस पाइपलाइनों के निशाने पर आने से मास्को सहित रूस के शहरों में पेट्रोलियम पदार्थों का संकट पैदा हो गया और निर्यात बाधित हो गया है। इन हमलों से यूक्रेन का जान-माल, दोनों का नुकसान हुआ है। यूक्रेन ने आरोप लगाया है कि रूस नागरिक ठिकानों को निशाना बनाकर निर्दोष लोगों को मार रहा है। रूस ने यूक्रेन के निप्रो शहर पर मिसाइल से हमला किया। हमले में छह लोग मारे गए और 29 घायल हुए हैं।

## शब्द पहेली - 6273



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -6272 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | बा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |

## सूडोकु नवताल - 6283

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6282 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप



### एसआईएस 120 करोड़ रुपए तक के शेयर वापस खरीदेगी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एवं सुविधा प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने वाली एसआईएस लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों के लिए 120 करोड़ रुपये तक के शेयर पुनर्खरीद कार्यक्रम की घोषणा की है। वर्ष 2017 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद यह कंपनी का पांचवीं पुनर्खरीद होगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सैद्धांतिक रूप से 120 करोड़ रुपये तक के शेयर वापस खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### सोना 800 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 6,000 महंगी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में कम मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 800 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। हालांकि, चांदी में जोरदार वापसी हुई और लगातार चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला टूट गया। इसकी कीमत 6,000 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोना दबाव में रहा, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी में कम कीमत पर लिवाली देखी गई।



# भारत फिर बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार, अब ताइवान-कोरिया पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी भारी उथल-पुथल और मंदी के माहौल के बीच भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर दुनिया भर में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। भारतीय शेयर बाजार का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 5 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 5,000 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत ने ताइवान और साउथ कोरिया को पीछे छोड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बनने का मुकाम फिर हासिल कर लिया है। भारत के शेयर बाजार का कुल मार्केट कैप अब 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर दुनिया के पांचवें सबसे बड़े इक्विटी मार्केट की जगह हासिल कर ली है। ताइवान का मार्केट कैप इस समय 4.97 ट्रिलियन डॉलर और साउथ कोरिया का 4.66 ट्रिलियन डॉलर है। वहीं अमेरिका और चीन के मार्केट कैप में इस दौरान ज्यादा बदलाव नहीं देखा गया।

### भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा

#### ताइवान और साउथ कोरिया क्यों पिछड़े?

*पिछले कुछ महीनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई और सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में तेज तेजी आई थी। इसके बाद ताइवान और साउथ कोरिया के बाजार में निवेशकों ने मुनाफा वसूला, जिससे वहां बाजार की वैल्यू में गिरावट आई। इसी वजह से दोनों देशों की रैंकिंग नीचे आ गई और भारत फिर पांचवें स्थान पर पहुंच गया।*



#### जून में भारत ने दुनिया के कई बाजारों को छोड़ा पीछे

*जून के दौरान भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैप 2.75 फीसदी बढ़ा। वहीं साउथ कोरिया में 4.7 फीसदी और ताइवान में 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा जापान का मार्केट कैप करीब 1 फीसदी, हांगकांग 8.3 फीसदी से ज्यादा, कनाडा 3 फीसदी, ब्रिटेन करीब 2 फीसदी, फ्रांस 1.1 फीसदी और जर्मनी 5.6 फीसदी गिर गया। यानी इस महीने भारत का बाजार दुनिया के कई बड़े बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा।*

#### भारतीय बाजार क्यों बना रहा मजबूत?

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, शेयरों की बेहतर वैल्यू और विदेशी निवेशकों की लगातार दिलचस्पी ने भारतीय बाजार को मजबूती दी है। इसके साथ ही निफ्टी का प्राइस टू अर्निंग यानी पी/ई रेशियो भी पहले करीब 24 था, जो अब घटकर करीब 18 पर आ गया है। इससे बाजार की वैल्यू पहले के मुकाबले ज्यादा आकर्षक मानी जा रही है।

## जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी

# सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि मंगलवार को एक महीने बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी। जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी। इसके बाद सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 तय की थी।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी है।'' मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया।

#### एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज

*इन अनुरोधों में कहा गया था कि जीएसटीएटी मंच पर अत्यधिक दबाव के कारण अपील दाखिल करने में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 15 दिनों में ही 30,000 अपीलें दाखिल की गईं, जबकि एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज की गईं।*

#### करदाता अंतिम समय तक इंतजार न करें

*मंत्रालय ने करदाताओं को सलाह दी कि वे अंतिम समय तक इंतजार न करें और समय रहते अपनी अपील दाखिल कर दें। सरकार अब तक जीएसटीएटी की 31 राज्य पीठों और दिल्ली स्थित एक प्रधान पीठ को अधिसूचित कर चुकी है।*

#### अपील दायर करने की अंतिम तिथि एक महीने बढ़ाई

» अपील दायर करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तय की थी

» हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया



#### प्राधिकरण के पास 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित

*फिलहाल अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित हैं और इन सभी के जीएसटीएटी में आने की उम्मीद है। सरकार ने मई 2024 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी की प्रधान पीठ का अध्यक्ष नियुक्त किया था।*

#### व्यवस्था में सुचारू बदलाव सुनिश्चित होगा

*केपीएमजी में अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं साझेदार अभिषेक जैन ने कहा, ''समयसीमा बढ़ने से करदाताओं और पेशेवरों को नए जीएसटीएटी तंत्र के अनुरूप खुद को ढालने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे वास्तविक अपीलें समयसीमा के कारण खारिज होने से बचेंगी और जीएसटीएटी व्यवस्था में सुचारु बदलाव सुनिश्चित होगा।''*

#### मामलों के समाधान में देरी होती थी

*एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद करदाताओं और जीएसटी विभाग के बीच सभी विवादों का निपटारा उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में होता था, जिससे मामलों के समाधान में देरी होती थी। सितंबर 2025 में जीएसटीएटी का संचालन शुरू होने के बाद विवादों के निपटारे की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद बनी है।*

#### सरकार का यह फैसला व्यावहारिक

*एएमआरजी ग्लोबल के प्रबंध साझेदार रजत मोहन ने कहा कि सरकार का यह फैसला व्यावहारिक है और जीएसटीएटी के पूर्ण रूप से कामकाज शुरू होने तक करदाताओं के अपील करने के अधिकार की रक्षा करता है। उन्होंने कहा, ''अतिरिक्त समय से काफी राहत मिलेगी, लेकिन करदाताओं को अंतिम तिथि तक इंतजार नहीं करना चाहिए।''*

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

*आईटी पेट्रोलियम और बैंकिंग शेयरों में रही*



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं गैस तथा चुनिंदा बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के बीच अमेरिका-ईरान के बीच दोहा में होने वाली वार्ता के अगले दौर को लेकर अनिश्चितता से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 249.70 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 76,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 398.98 अंक यानी 0.51 प्रतिशत टूटकर 76,329.39 अंक तक आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 80.50 अंक यानी 0.34 प्रतिशत फिसलकर 23,865.75 अंक पर बंद हुआ।

#### भू-राजनीतिक चिंताएं हुई कम

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भू-राजनीतिक चिंताएं कुछ कम हुई हैं, लेकिन अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते की नाजुक स्थिति निवेशकों की धारणा पर असर डाल रही है जिससे बाजार को स्पष्ट दिशा नहीं मिल पा रही।'' उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा, लेकिन आईटी क्षेत्र सबसे अधिक दबाव में रहा।*

#### एशियाई बाजार में रहा मिलाजुला रुख

*एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहे जबकि हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान के साथ बंद हुआ।*

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन-04). रायपुर (छ.ग.)**
**मोतीबाग पानी टंकी सुभाष स्टेडियम के सामने**
Email ID-rmczone4@gmail.com

**रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (2nd Call)**

**क्रमांक 29/नपानि/जोन क्र. 04/ लो.क.वि/2026 रायपुर दिनांक 30/06/2026**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 34, 64 में स्थित निजी भवनो में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग ड्राईंग डिजाईन एवं दर के अनुसार निर्माण हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठन (एन.जी.ओ.) स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियो बेरोजगार इंजीनियरर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाइड्रोलाजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रूचि की अभिव्यक्ति मैनुवल पद्धति से दिनांक 16/07/2026 को शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त कार्य हेतु निर्धारित आवेदन पत्र के साथ संस्था का पंजीयन, जी.एस.टी.. पेनकार्ड, डी.डी. राशि रू. 1000/- (नॉन रिफंडेबल) एवं अमानती राशि रू. 5000/- का एफ.डी.आर आवेदन के साथ जोन आयुक्त जोन क्रमांक 04 नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से प्रस्तुत करना होगा। रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 04 मोतीबाग पानी टंकी के नीचे कार्यालय में कार्यालयीन अवधि व दिवस पर प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त आवेदन जोन कार्यालय में ही जमा किये जायेंगे स्व-सहायता समूह / असंगठित कर्मचारी पंजीकृत समितियो को धरोहर राशि में छूट होगी।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें


जोन आयुक्त
जोन-04
नगर पालिक निगम, रायपुर

## प्रीमियम प्लॉट्स 2-3 बीएचके अपार्टमेंट्स उपलब्ध

# आवासीय प्रोजेक्ट 'अभिनव सिटी' में तीन दिवसीय आवास मेला 3 जुलाई से

**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर अष्टविनायक रियल्टीज एवं अभिनव बिल्डर्स द्वारा 3, 4 और 5 जुलाई को अपने प्रमुख आवासीय प्रोजेक्ट 'अभिनव सिटी' में तीन दिवसीय भव्य आवास मेले का आयोजन किया जाएगा। मोवा स्थित दलदल सिवनी में अंबुजा मॉल के पीछे और साइंस सेंटर के समीप विकसित यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं, हरित वातावरण और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण शहर के सबसे आकर्षक आवासीय विकल्पों में शामिल है।

आवास मेले में ग्राहकों को प्रीमियम प्लॉट्स के साथ 2 एवं 3 बीएचके लग्जरी अपार्टमेंट्स के विविध विकल्प उपलब्ध होंगे। प्रोजेक्ट में गार्डन फेंसिंग, कॉर्नर तथा प्रीमियम प्लॉट्स के अलावा आधुनिक डिजाइन वाले अपार्टमेंट्स तैयार किए गए हैं, जो परिवारों की जरूरतों और निवेशकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर विकसित किए गए हैं।




#### उद्देश्य सुरक्षित व आधुनिक जीवनशैली उपलब्ध कराना

*अष्टविनायक रियल्टीज के सीएमडी संतोष लोहाना ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को केवल मकान नहीं, बल्कि सुरक्षित और आधुनिक जीवनशैली उपलब्ध कराना है।*

#### प्राइम लोकेशन और बेहतरीन कनेक्टिविटी

*प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राइम लोकेशन है। यहां से इंदिरा स्मृति वन, साइंस सेंटर, प्रमुख स्कूल, अस्पताल, अंबुजा मॉल, रिलायंस स्मार्ट बाजार, डेकाथलॉन, अवंती बाई चौक, पंडरी मार्केट और रेलवे स्टेशन तक आसान पहुंच उपलब्ध है। 60 फीट मुख्य सड़क एवं 30-40 फीट चौड़ी आंतरिक सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी इसे रहने और निवेश दोनों के लिए उपयुक्त बनाती है।*

#### आधुनिक लाइफस्टाइल का मिलेगा अनुभव

*'अभिनव सिटी' में विश्वस्तरीय लाइफस्टाइल के लिए 10 गार्डन, मंदिर, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, स्टीम बाथ, मल्टीपर्पस कोर्ट, नेट क्रिकेट, मिनी थिएटर, म्यूजिक रूम, कम्युनिटी हॉल, किड्स प्ले एरिया, गेस्ट रूम तथा 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।*

## बिजनेस साइट

# इनेरा और क्रॉपनेक्स्ट किसानों तक पहुंचाएगी नई तकनीक

**रायपुर।** इनेरा क्रॉप साइंस और क्रॉपनेक्स्ट सॉल्यूशंस ने उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा के किसानों तक विज्ञान आधारित जैविक कृषि समाधान पहुँचाने के लिए रणनीतिक साझेदारी की है। इसके तहत, दोनों कंपनियाँ आने वाले कई वर्षों तक साथ मिलकर काम करेंगी।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, इनेरा क्रॉप साइंस के संस्थापक अगम खरे ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के छोटे किसानों की खेती में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बढ़ती गर्मी, कीटों का बढ़ता प्रकोप और खेती की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियाँ लगातार सामने आ रही हैं। हमारा मानना है कि विज्ञान आधारित जैविक कृषि समाधान खेती को ज्यादा लाभदायक, मजबूत और स्थायी बना सकते हैं। क्रॉपनेक्स्ट के साथ हमारी यह साझेदारी इस सोच को बड़े स्तर पर किसानों तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हमारा लक्ष्य भारत से स्थायी खेती की एक नई शुरुआत करना है।' क्रॉपनेक्स्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अजीत सिंह चहल ने कहा, क्रॉपनेक्स्ट ने पूर्वी भारत में खेती से जुड़े एक मजबूत नेटवर्क के दम पर अपनी पहचान बनाई है।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड चांपा जिला - जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)**
**गौरव पथ रोड नया बस स्टेण्ड, नगर पालिका परिषद् चांपा के पास, पिन कोड नं. 495671, ई- मेल eejan-phe-cg@gov.in**

**निविदा क्रमांक 13 / ले. शा / का.अ. / लो.स्वा.यां.वि. / 2026**
**जांजगीर-चांपा / दिनांक 25.06.2026**

**ऑन लाईन षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला - जांजगीर-चांपा अंतर्गत विकासखण्ड बम्हनीडीह के नगर सारागांव की आवर्धन जलप्रदाय योजनान्तर्गत डी.आई. क्लास के - 7 कुल 3500 मीटर विस्तार कार्य की निविदा प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानूसार आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम नं | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 194110 | 82.48 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यो तथा स्थल संबंधी जानकारी आन लाईन ई-प्रोक्युरमेंटhttps://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 02.07.2026 से दिनांक 13.07.2026 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में अगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशित नही किए जावेंगे। अतः निविदाकार आनलाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड जांजगीर चांपा में देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
G-262701744/3

**छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन**
**प्रधान कार्यालय ग्राम-झांझ, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)**

**क्रं/7180/छगवेका / निर्माण / 2026-27 /** **नवा रायपुर दि- 30.06.2026**

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in/

छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक की ओर से ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. शासन के लो.नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "अ" में लो.नि.वि. दर पर निविदा आमंत्रण सूचना के अंतर्गत (ग्रुप 02) सूरजपुर (उच्चडीह) कुसमी (शंकरगढ़), राजपुर एवं बलरामपुर (जवाहरनगर) में कुल 19800 मे. टन, (ग्रुप 06) बाराद्वार, डभरा एवं खरसिया में कुल 23400 मे. टन, (ग्रुप 10) भाठापारा में कुल 14400 मे. टन, (ग्रुप 13) डौंडी, चिटौद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा में कुल 14400 मे. टन एवं (ग्रुप 14 ) केशलूर एवं दंतेवाड़ा (भोगाम) में कुल 5400 मे.टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्यों की ग्रुपवार द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी cgswc.cg.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in/ तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 0771-2272990, 992 पर संपर्क की जा सकती है।

S-48298/3
कार्यपालन अभियंता

# सरकार ने दो साधारण बीमा लाइसेंस स्वीकृत किए : इरडा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन अजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दिए जाने के बाद साधारण बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी स्वामित्व से जुड़े दो प्रस्तावों को मंजूरी दी है। यहां जीवन बीमा परिषद की बीमा जागरूकता समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित बीमा सुगम मंच को सितंबर के अंत तक शुरू कर दिया जाएगा। सेठ ने प्रस्तावों का विवरण साझा किए बगैर कहा कि एफडीआई के प्रस्तावों में से एक को सोमवार को मंजूरी दी गई।




» *सरकार के 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति के बाद दिया लाइसेंस*

#### विदेशी निवेशक भी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहत है

*इरडा के चेयरमैन ने बताया कि भारत की स्थानीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम चला रहे कुछ मौजूदा विदेशी निवेशक भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे एक प्रस्ताव को मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि एक अन्य प्रस्ताव अभी इरडा के पास विचाराधीन है।*

### कोल इंडिया शोध व विकास पर 1900 करोड़ रुपए करेगी खर्च

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) खदानों की उत्पादकता बढ़ाने और उत्सर्जन घटाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2029-30 तक शोध एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों पर करीब 1,900 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि इस पहल के तहत वह स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण करने और बदलते ऊर्जा परिदृश्य के अनुरूप वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों की भी तलाश करेगी। बीएसई को दी सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कोयला एवं ऊर्जा अनुसंधान केंद्र की स्थापना के साथ उसकी आरएंडडी गतिविधियों को गति मिली है।



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in**

क्र./ बी-6/ मंडी आरंग/ 1-3/ 26-27/ 1982 रायपुर, दिनांक 25.06.2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति आरंग जिला रायपुर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 20.07.2026 , फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 27.07.2026**

| क्रं | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला रायपुर, वि.ख. आरंग के धान उपार्जन केन्द्र पंधी में किसान कुटीर निर्माण कार्य। | 13.11 | लो.नि.वि. भवन / विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015/01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर । |
| 2 | जिला रायपुर, वि.ख. आरंग के धान उपार्जन केन्द्र गोईंदा में किसान कुटीर निर्माण कार्य। | 13.11 | |
| 3 | जिला रायपुर, वि.ख. आरंग ग्राम चरौदा में मनिमोहर के घर से इतिवारी यादव के घर तक सी.सी. रोड सह हयूम पाईप पुलिया निर्माण कार्य। | 11.62 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |
| 4 | जिला रायपुर वि.ख. आरंग के ग्राम बनचरौदा में मंदिर चौक के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 17.90 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है ।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति आरंग जिला रायपुर

सही /-
भारसाधक
अधिकारी कृषि उपज मंडी समिति
आरंग जिला रायपुर

S-48302/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)**

**:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::**

ऑनलाइन निविदाएं प्रपत्र-ए में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पलारी आवर्धन जलप्रदाय योजनांतर्गत पाइप लाइन विस्तार हेतु कार्य की ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 01/22.06.2026 | 193741 | 98.06 |
| 02/22.06.2026 | 193742 | 40.30 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 16.07.2026 तक देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड की जा सकती है।

G-262701783/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर संभाग, रायपुर**
**जिला पंचायत भवन, भू-तल कलेक्टोरेट परिसर**
**ई.मेल. ee-res.raipur@nic.in**

**क्रमांक/ग्रा.यां. सेवा / दीदी के गोठ / 2026-27/ 2560**
**रायपुर, दिनांक 19/06/2026**

**// विज्ञापन //**

राज्य स्तरीय कार्यक्रम मासिक रेडियों कार्यक्रम ( दीदी के गोठ ) का आयोजन दिनांक 09.07.2026 को किया जाना है कार्यक्रम संपादन हेतु इच्छुक व्यक्ति / फर्म / संस्था अपनी प्रोफाइल सहित दिनांक 03.07.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अपने प्रस्ताव जिला पंचायत कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं । उसी तिथि को अपरान्ह 4:30 बजे जिला पंचायत, बोर्ड रूम मे चयन समिति के समक्ष उपरांत बंद निविदा लिफाफा खोला जायेगा।

आवेदक व्यक्ति/फर्म/संस्था को इस प्रकार के आयोजनों को सफलतापूर्वक कार्य करने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम, जी.ई. रोड, रायपुर में समान प्रवित्ति का शासकीय कार्य का अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। उक्त कार्य हेतु लगभग अनुमानित लागत 27.00 लाख रूपये (जो कि बढ़ाई एवं घटाई सकती है) निर्धारित की गई है।

नियम एवं शर्ते सुलभ संदर्भ हेतु जिला पंचायत कार्यालय / रायपुर जिले की वेबसाईट raipur.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायपुर

G-262701766/1

## खबर संक्षेप



### पीएसए चैलेंजरः क्वार्टर फाइनल में शमीना, सेमवाल

**मुंबई।** भारत की शमीना रियाज और ओम सेमवाल ने एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शमीना ने दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष वरीय हेली वार्ड जबकि सेमवाल ने ब्राजील के तीसरे वरीय डिएगो गोबी को हराया। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाली शमीना ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए हेली को 8-11, 11-9, 11-9, 11-9 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीय अकारी मिडोरिकावा से होगा। बाइस साल के सेमवाल ने डिएगो को 6-11, 11-6, 11-9, 9-11, 11-9 से हराकर मिस्र के आठवें वरीय जियाद इब्राहिम के साथ मुकाबला तय किया।

### आज से जागरेब रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट



**जागरेब।** विश्व चैंपियन डी गुकेश 1 जुलाई से शुरू हो रहे जागरेब रेपिड एंव ब्लिट्ज टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों का सामना करेंगे। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है जो शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाने का सबसे बड़ा मंच है। ग्रैंड शतरंज टूर के तहत इस साल की यह तीसरी प्रतियोगिता होगी और इसके बाद तीन और प्रतियोगिताएं होनी हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय स्टार प्रज्ञानानंद भी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में रेपिड शतरंज के नौ दौर जबकि ब्लिट्ज शतरंज के 18 दौर खेले जाएंगे।

### इंग्लैंड और भारत के बीच टी-20 सीरीज आज से

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित पदार्पण और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगी। आयरलैंड के खिलाफ संजू सैमसन की दोहरी विफलता उन्हें बाहर बैठाने और सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका देने का कारण हो सकती है। अभिषेक को बेलफास्ट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 20 गेंद में 49 रन की पारी के कारण फिर मौका मिल सकता है। इशान किशन भी आयरलैंड के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और 1 तथा 12 रन पर आउट हो गए।




# सबसे बड़ा उलटफेर, पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को किया बाहर

एजेंसी ▸▸ फॉक्सबोरो

जोस कैनाले ने पहले ही सडन डेथ पेनल्टी किक पर गोल किया और ऑरलैंडो गिल ने शूटआउट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए, जिससे पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को 4-3 से हराकर मौजूदा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। राउंड ऑफ़ 32 का यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा था।

पराग्वे ने 42वें मिनट में जूलियो एनसिसो के हेडर से किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन चार बार के चैंपियन जर्मनी के लिए काई हावर्ट्ज़ ने 52वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। गिल ने बाद में अपनी जीत की राज का खुलासा करते हुए कहा, 'हमने प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक छोटी सी छोटी चीज का भी विश्लेषण किया था और यही वजह थी कि मैं सिर्फ दो पेनल्टी चूक पाया। यह जीत पराग्वे के लोगों को समर्पित है।'





### हम एकजुट हैं : कैनाले

कैनाले ने कहा, 'हमें कम करके आंका गया लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। हम एक और मैच खेलने के हकदार थे। हमारी टीम की खासियत यह है कि हम एकजुट हैं। हम आज के मैच में अपनी असली ताकत दिखाने के लिए प्रतिबद्ध थे।'

### पराग्वे ने 24 साल बाद लिया बदला

जर्मनी ने 2002 में अंतिम 16 के उस मैच में पराग्वे को 1-0 से हराया था। पराग्वे ने इस तरह से 24 साल बाद उसका बदला चुकता कर दिया। पराग्वे इससे पहले पांच बार विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में हिस्सा ले चुका था, लेकिन एक भी गोल करने में असफल रहा था। इनमें से वह केवल एक बार ही आगे बढ़ पाया था, जब उसने विश्व कप 2010 में अंतिम 16 में जापान को पेनल्टी शूटआउट में हराया था।

### पराग्वे ने जर्मनी को हराकर किया हैरान

फीफा रैंकिंग में 34वें स्थान पर मौजूद पराग्वे की जीत पर बहुत कम सट्टा लगा था लेकिन उसने 12वें स्थान पर काबिज जर्मनी को हराकर दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों को हैरान कर दिया। पराग्वे की टीम अब शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में मंगलवार को फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

## नॉकआउट में तीसरी बार हारा जापान

*ह्यूस्टन। जापान को पहले भी विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में हार से दिल टूटने का अनुभव है और हर बार की तरह इस बार भी उसने अगली बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। जापान को पहले हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद पांच बार के चैंपियन ब्राजील से इंजरी टाइम के गोल के कारण 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम एक बार फिर से आखिर तक डटी रही, लेकिन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यह लगातार तीसरी बार है जब जापान नॉकआउट राउंड में बढ़त बनाने के बावजूद हार गया। जापान इससे पहले चार अवसरों पर नॉकआउट में जीत हासिल नहीं कर पाया लेकिन उसके कोच हाजिमे मोरियासु ने अगले विश्व कप में इससे बेहतर प्रदर्शन करने को अपना लक्ष्य बनाया है। 'चार साल पहले जापान ने शुरुआती बढ़त बनाई थी लेकिन आखिर में राउंड ऑफ़ 16 में क्रोएशिया से पेनल्टी शूटआउट में हार गया था। यही नहीं 2018 में भी अंतिम 16 में उसे इसी तरह की हार का सामना करना पड़ा था जब वह दूसरे हाफ में बेल्जियम से 2-0 से आगे था लेकिन स्टॉपेज टाइम के गोल के कारण 3-2 से हार गया था।*

## शूटआउट में मोरक्को का जलवा
### नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में एंट्री



डियोप बने संकटमोचक सैबारी ने दिलाई जीत

एजेंसी ▸▸ ग्वाडालूप

इस्सा डियोप ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी का गोल किया जबकि इस्माइल सैबारी ने पेनल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल दागा, जिससे मोरक्को ने नीदरलैंड को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।

इससे पहले निर्धारित और अतिरिक्त समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। पेनल्टी शूटआउट में भी चार राउंड के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने क्रिसेंसियो समरविले के शॉट को अपने बाएं हाथ से रोक दिया। इसके बाद सैबारी ने गोलकीपर बार्ट वर्ब्रुगेन के दूसरी ओर गोता लगाने पर निचले बाएं कोने में विजयी गोल दाग दिया। इस मिडफील्डर ने अपनी शर्ट उतार दी और खुशी से चिल्लाने लगा। इसके बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर दिया और वह जीत का जश्न मनाने लगे। पेनल्टी शूटआउट के दूसरे राउंड में जब मोरक्को 1-0 से पीछे चल रहा था, तब वर्ब्रुगेन ने सोफियान रहीमी के शॉट को रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर गेंद को पकड़ नहीं पाए और अपने पैर के पिछले हिस्से से उसे गोल लाइन के पार धकेल दिया। मोरक्को शनिवार को ह्यूस्टन में राउंड ऑफ 16 में कनाडा का सामना करेगा।

## नॉर्वे की अंतिम 16 में एंट्री, आइवरी कोस्ट को हराया, हालैंड ने दागा विनिंग गोल

एजेंसी ▸▸ डलास



आइवरी कोस्ट की टीम फीफा वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। नॉर्वे ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की।

डलास में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों में जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। नॉर्वे की टीम 1998 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में पहुंची है। वहां उसका मुकाबला 5 बार की चैंपियन ब्राजील से होगा। नॉर्वे के सुपरस्टार खिलाड़ी एर्लिंग हालैंड ने मैच में निर्णायक गोल किया। पहले हाफ में नॉर्वे के लिए 39वें मिनट में एंटोनियो नूसा ने शानदार गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में आइवरी कोस्ट के लिए 74वें मिनट में अमद डियालो ने गोल दागा। इस मैच बराबरी पर आ गया। नॉर्वे के स्टार फुटबॉलर एर्लिंग हालैंड ने 86वें मिनट में गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी।

## जीत के बाद बेकाबू हुए मोरक्को के फैंस

एजेंसी ▸▸ द हेग

मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फुटबॉल विश्व कप से बाहर कर दिया, जिसके बाद द हेग में फुटबॉल प्रशंसकों की पुलिस से झड़प हुई जबकि कासाब्लांका में जश्न मनाया गया।

नीदरलैंड में मोरक्को के लोगों की काफी बड़ी आबादी है और जीत के बाद अपनी फुटबॉल टीम के प्रशंसक जश्न के मूड में थे लेकिन इस दौरान छिटपुट झड़पें भी हुईं। द हेग में पुलिस ने बताया कि शिल्डर्सविज्क हलाके में जबरदस्त आतिशबाजी की गई और पुलिसकर्मियों पर पटाखे और पत्थर फेंके गए। दंगा रोधी दस्ते ने भीड़ पर धावा बोला और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की तेज बौछार का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा, 'हिंसा करने के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'




## इगा स्वियाटेक ने टाउनसेंड को हराया, दूसरे दौर में प्रवेश

एजेंसी ▸▸ लंदन

मौजूदा चैंपियन इगा स्वियाटेक ने लंदन के ऑल-इंग्लैंड क्लब में विंबलडन में वर्ल्ड नंबर 79 खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड के खिलाफ अपना पहला मैच तीन सेटों में जीता। इसी के साथ स्वियाटेक ने अमांडा अनिसिमोवा और कैरोलिना प्लिस्कोवा के साथ दूसरे राउंड में जगह बना ली है। पोलिश स्टार ने पिछले साल यहां अपने आखिरी 20 गेम जीतकर छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी ने उसी लय को जारी रखते हुए सेंटर कोर्ट पर वापसी करते हुए सिर्फ 31 मिनट में पहला सेट जीत लिया, लेकिन अपनी दोस्त नाओमी ओसाका और कैटरीना सिनियाकोवा के हौसला बढ़ाने पर, अमेरिकी बाएं हाथ की खिलाड़ी टाउनसेंड ने वापसी की और मैच को बराबरी पर लाते हुए निर्णायक सेट तक पहुंचा दिया।



### आस्ट्रेलिया फाइनल में वेस्टइंडीज को हराया



**लंदन।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और बेथ मूनी के 36 गेंद में नाबाद 61 रन की मदद से मौजूदा चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। जवाब में मूनी और एशले गार्डनर की आक्रामक पारियों के दम पर सात ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। मूनी ने 36 गेंद में 8 चौकों की मदद से नाबाद 61 रन बनाए जबकि गार्डनर ने अपनी पारी में 4 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले जॉर्जिया वोल (16) और फीबी लिचफील्ड (चार) सस्ते में आउट हो गई थी जबकि एलिसे पैरी चोट लगने के बाद दो के स्कोर पर 'रिटायर्ड हर्ट' होकर लौट गई।

## जोकोविच ने की अभियान की रोमांचक शुरुआत, यिबिंग वू को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ लंदन

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपने 21वें विंबलडन अभियान की रोमांचक शुरुआत करते हुए चीन के यिबिंग वू को 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अच्छी सर्विस की और खराब प्रदर्शन भी नहीं किया, लेकिन वह वू को सेंटर कोर्ट के माहौल का आनंद लेने से रोक नहीं सके। पहले सेट में दुनिया के 102वें रैंक वाले चीनी खिलाड़ी ने 15 विनर्स लगाए, हालांकि उतनी ही संख्या में अनफोर्स्ड गलतियां भी कीं।

### दूसरे सेट की शुरुआत में निर्णायक मोड़

दूसरे सेट की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया। अगर जोकोविच अपने शुरुआती ब्रेक अवसरों में से एक को भुना लेते, तो वह आसानी से नियंत्रित और अपेक्षाकृत सरल जीत की ओर बढ़ सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और वू का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया, जबकि दर्शक जोर-शोर से उनका नाम पुकारते रहे।



हरिभूमि **आवश्यकता है** inh

रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए

**विडियो एडिटर्स**

FCP या Adobe Premier की जानकारी अनिवार्य

✓ अनुभवी को प्राथमिकता

संपर्क करें

inhnewshr@gmail.com ✆ 9522283349

## एशियन गेम्स : टीम इंडिया का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद हरमनप्रीत कौर को जापान में होने वाले इस साल के एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा। महिला चयन समिति ने जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की है।

### भारत ने 2023 में जीता था स्वर्ण पदक

भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी। उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं दोनों की क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारुप में खेली जाती है।



### एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्रीचरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

**भिलाई स्मृति नगर शाखा (छ.ग.)**

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी/सह-ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| 1) **श्री अश्वनी द्विवेदी पुत्र स्व. श्री चंद्रभान द्विवेदी**, वंदना स्टील ट्रेडर्स, जुनवानी रोड, स्मृति नगर, भिलाई, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ पिनकोड- 490020 एवं सी-2, चौहान टाउन, जुनवानी रोड, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 490020<br>2) **श्रीमती भावना द्विवेदी पत्नि श्री अश्वनी द्विवेदी**, वंदना स्टील्स ट्रेडर्स, पुष्पक नगर जुनवानी रोड, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़-पिनकोड-492099 एवं ग्रीन वैली, ऑर्चिड-5, जुनवानी रोड, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिनकोड-492099. | 1. **शीर्षक धारक का नामः श्री अश्वनी द्विवेदी पुत्र स्व. श्री चंद्रभान द्विवेदी एवं श्रीमती भावना द्विवेदी पत्नि श्री अश्वनी द्विवेदी**, प्लॉट नं. ऑर्चिड-05, चौहान ग्रीन वैली, चौहान टाउन के सामने, खम्हरिया व जुनवानी, वार्ड नं. 01, प.ह.नं. 15/21, दुर्ग-1, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 1743.12 वर्ग फुट में स्थित आवासीय भूमि व भवन के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** विक्रेता की शेष भूमि, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** प्लॉट नं. ऑर्चिड नं. 06, **पश्चिम-** प्लॉट नं. ऑर्चिड-04. CERSAI ID: 400023916718<br>2. **शीर्षक धारक का नामः श्रीमती भावना द्विवेदी पत्नि श्री अश्वनी द्विवेदी**, खसरा नं. 46/17 (भाग), मौजा- कादुलबोड़, | Housing Finance<br>₹ 76,60,000/-<br>24/06/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 74,72,864.29<br>एनपीए तिथि 22/06/2026 |

वार्ड नं. 59, (कादुलबोड़ ईस्ट वार्ड के अंदर हरि नगर का भाग) प.ह.नं. 15/20, रा.नि.मं.- दुर्ग-1, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 878.00 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** मोनिका राजपूत की भूमि, **दक्षिण-** काजल भद्रा की जमीन, **पूर्व-** 20 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम-** तिवारी का मकान। CERSAI ID: 400018878156

उपर्युक्त उल्लेखित ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, भिलाई स्मृति नगर शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 30.06.2026 स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

# फेफड़े, फसल और ग्लेशियर... सब पर भारी पड़ रहा है नया अदृश्य प्रदूषण

**नई दिल्ली।** देश में वायु प्रदूषण का खतरा अब सिर्फ सर्दियों के स्मॉग तक सीमित नहीं रहा। सीएसई की नई रिपोर्ट में आया कि ग्राउंड-लेवल ओजोन सालभर लोगों की सेहत, खेती और पर्यावरण पर गंभीर असर डाल रहा है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई बड़े शहर इस अदृश्य प्रदूषण की चपेट में हैं।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट यानी सीएसई के नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि हमारे शहरों की हवा में ग्राउंड-लेवल ओजोन का स्तर तय मानकों को पार कर दिया है। हैरानी वाली बात यह है कि यह जहरीली गैस अब सिर्फ धूप में ही नहीं, बल्कि सूरज ढलने के बाद रात के अंधेरे में भी हवा में घुल रही है। साल 2021 से 2026 के बीच 25 शहरों के डेटा पर किए गए इस रिसर्च में दिल्ली-एनसीआर को देश का सबसे बड़ा ओजोन हॉटस्पॉट पाया गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़, जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहरों में भी इसका लेवल बहुत ही चिंताजनक पाया गया है।

### आसमान वाली ओजोन वरदान जमीन वाली जहर

अभी तक हम यह मानते आए हैं कि वायुमंडल के ऊपर हिस्से में मौजूद ओजोन परत सूरज की हानिकारक किरणों से हमें बचाती है। लेकिन, जब यही ओजोन गैस जमीन के पास बनती है, तो यह खतरनाक हो जाती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह गैस सीधे किसी फैक्टरी या गाड़ी से नहीं निकलती, बल्कि जब गाड़ियों और फैक्ट्री से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड और दूसरी गैसें तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान के संपर्क में आती हैं, तो उनके बीच एक रासायनिक रिएक्शन होता है। इसी कारण से गर्मी बढ़ने के साथ इसका खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है।

## सीएसई रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

### सेहत पर चौतरफा हमला

डॉक्टरों और रिसर्चर्स ने चेतावनी दी है कि ग्राउंड लेवल ओजोन हमारे शरीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषण में से एक है-

- यह गैस फेफड़ों के टिशू यानी ऊतकों को छील देती है और अस्थमा के मरीजों की हालत गंभीर कर देती है।
- काफी समय तक इस गैस के संपर्क में रहने से हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।
- अमूमन धूप ढलने के बाद ओजोन कम हो जाती है, लेकिन दिल्ली-NCR और मुंबई जैसे शहरों में अब यह रात के समय भी खतरनाक स्तर पर बनी हुई है।



### खेती और पर्यावरण पर भी भारी मार

रिसर्च रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि यह अदृश्य गैस पौधों में होने वाली प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को प्रभावित कर रोक देती है, जिससे फसलों की ग्रोथ रुक जाता है। अनुमान है कि इस प्रदूषण के कारण भारत में गेहूं की पैदावार में हर साल 14 से 15 फीसदी की कमी आ रही है। सिर्फ इतना ही नहीं, शहरों से उड़कर यह गैस हिमालय तक पहुंच रही है, जिससे वहां के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

### क्या है इसका समाधान?

सीएसई की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी के मुताबिक अब समय आ गया है, जब सरकार को सिर्फ धूल के कणों को रोकने की रणनीति बदलनी होगी। अब गाड़ियों, फैक्ट्रियों और कचरा जलाने से निकलने वाली गैसों को रोकने के लिए एक कड़ा और कंबाइंड एक्शन प्लान बनाना होगा, तभी देश को इस सालभर रहने वाले अदृश्य खतरे से बचाया जा सकेगा।

## रोचक खबरें


### जीता-जागता बार्बी है ये लड़का 40 लाख में बन गया डॉल


**लंदन।** यूके के केंट शहर में रहने वाले 25 साल के मिशेल जोंस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मिशेल ने सर्जरी के जरिए खुद को 'एलियन बार्बी डॉल'बना लिया है। बचपन से ही बार्बी डॉल्स की दीवानी मिशेल ने अब तक करीब 40 लाख रुपए (30,000 पाउंड) सर्जरी पर खर्च कर दिए हैं। मिशेल पेशे से हेयरड्रेसर हैं। उनका लुक अब बिल्कुल बार्बी डॉल जैसा हो गया है। भारी मेकअप, लंबी झूठी पलकें (4-6 पेयर एक साथ), गुलाबी कपड़े और परफेक्ट चेहरा – यही उनका ट्रेडमार्क है। वे कहते हैं कि सर्जरी से वे अपनी परफेक्शन की कल्पना को हकीकत में बदल रहे हैं। मिशेल ने बताया कि उन्हें सर्जरी का शौक है, क्योंकि वे खुद को कस्टमाइज करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा अपना आइडिया ऑफ परफेक्शन है। लोग सोचते हैं कि सर्जरी सिर्फ असुरक्षा की वजह से करवाई जाती है, लेकिन मेरे लिए यह खुद को बेहतर बनाने का तरीका है।' मिशेल अब 30 साल से पहले फेसलिफ्ट भी करवाने वाले हैं। उनका कहना है कि सर्जरी ने उनकी जिंदगी बदल दी है और वे कभी रुकना नहीं चाहते। यह कहानी दिखाती है कि आजकल लोग अपनी पहचान और लुक को बदलने के लिए कितनी हद तक जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर परफेक्ट लुक का दबाव कई युवाओं को सर्जरी की तरफ ले जा रहा है। मिशेल कहते हैं कि वे खुश हैं और अपनी परफेक्शन की तलाश में हैं। उनका कहना है कि 'आप हमेशा खुद को बेहतर बना सकते हैं।' यह कहानी उन सभी लोगों के लिए है, जो अपनी पहचान तलाश रहे हैं। मिशेल ने दिखा दिया कि सर्जरी से भी अपनी लुक को बदला जा सकता है।



### इस शख्स के आगे फेल है फाइटर जेट की आवाज! चीखकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**कैनबरा।** क्या आपने कभी सोचा है कि किसी इंसान की आवाज इतनी तेज हो सकती है कि वह फाइटर जेट की आवाज को भी पीछे छोड़ दे? ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के रहने वाले जोसेफ मैकग्राएल-बेटेअप ने कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है, जिन्होंने अपनी भयंकर चीख से खुद का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करा लिया है। आमतौर पर लोग अपनी पहचान अपने काम से बनाते हैं, लेकिन जोसेफ अपनी कड़क और गूंजती हुई आवाज के लिए पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रहे हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक, जोसेफ ने 122.4 डेसिबल (डीबी) की तीव्रता से चिल्लाकर पिछला सारा रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। उनकी यह चीख किसी रॉक कॉन्सर्ट के शोर या टेक ऑफ करते हुए फाइटर जेट की आवाज के बराबर है। जोसेफ का यह रिकॉर्ड उनके प्रोफेशन के लिहाज से बिल्कुल सटीक बैठता है। वे कैनबरा और क्वीन्बीयन के आधिकारिक टाउन क्रायर हैं, और 'लॉर्ड जोसेफ' के नाम से मशहूर हैं।






# ओवन की तरह उबल रहा ब्रिटेन!

## भारत के लोग झेल जाते हैं 45 डिग्री, लेकिन 35 डिग्री में ही क्यों पिघल रहा पूरा यूके?

लंदन। इस समय पूरा पश्चिमी यूरोप और ब्रिटेन भीषण गर्मी और खतरनाक हीटवेव की चपेट में हैं। हालात इतने खराब हैं कि स्कूल बंद करने पड़ रहे हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। हैरान करने वाली बात यह है कि ब्रिटेन में तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। अब भारत के लोग सोच रहे होंगे कि हमारे यहां तो गर्मियों में तापमान आराम से 45 डिग्री के पार चला जाता है, फिर अंग्रेज 35 डिग्री में ही क्यों उबल रहे हैं? आखिर क्यों ब्रिटेन की 35 डिग्री की गर्मी भारत की 45 डिग्री की चुभती धूप से भी ज्यादा जानलेवा और दमघोंटू महसूस हो रही है? इसका जवाब किसी जादू में नहीं, बल्कि मौसम के विज्ञान और वहां के घरों की बनावट में छिपा है।

### पहला विलेन हवा में छिपी नमी (ह्यूमिडिटी)

ब्रिटेन चारों तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है, जिसके कारण वहां की हवा में नमी यानी ह्यूमिडिटी बहुत ज्यादा होती है। जब भारत में सूखी गर्मी पड़ती है, तो हमारे शरीर से निकलने वाला पसीना हवा में तुरंत सूख जाता है और हमें ठंडक मिलती है। लेकिन, ब्रिटेन में हवा पहले से ही नमी से भरी होती है, जिससे पसीना सूख ही नहीं पाता। जब पसीना नहीं सूखता, तो शरीर का नेचुरल कूलिंग सिस्टम काम करना बंद कर देता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यहां का 'वेट-बल्ब' तापमान 25 डिग्री के पास पहुंच रहा है, जो इंसानी शरीर के दिल और फेफड़ों पर भारी दबाव डालता है।



### दूसरा विलेन: ओवन की तरह बने ब्रिटिश घर

भारत में घरों को इस तरह बनाया जाता है कि उनमें वेंटिलेशन अच्छा हो, दीवारें मोटी हों और धूप सीधे अंदर न आए। लेकिन, ब्रिटेन के घर इसके बिल्कुल उलट हैं। वहां की इमारतें, कंक्रीट के ब्लॉक्स और ईंटें सर्दियों की कड़ाके की ठंड को रोकने के लिए बनाई जाती हैं। ये घर बाहर की गर्मी को अंदर खींच लेते हैं और रात के समय उसे धीरे-धीरे बाहर छोड़ते हैं। एयर कंडीशनर न होने के कारण ये घर रात के समय किसी 'थर्मल बैटरी' या ओवन की तरह तपते रहते हैं, जिससे लोगों को सोने का मौका भी नहीं मिलता।

### मौसम का अचानक करवट बदलना

भारत में गर्मी अचानक नहीं आती. मार्च से लेकर मई-जून तक तापमान धीरे-धीरे बढ़ता है, जिससे हमारे शरीर, सड़कों और स्वास्थ्य प्रणालियों को इस मौसम में ढलने का पूरा समय मिल जाता है। लेकिन, ब्रिटेन में मौसम ने अचानक पलटी मारी है। मई के महीने तक वहां रात में बर्फ जम रही थी और अचानक जून में तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया। इस अचानक आए बदलाव के लिए वहां के लोगों का शरीर तैयार नहीं था।



### लंबे दिन और तपती रातें

जून और जुलाई के महीने में ब्रिटेन में सूरज बहुत देर से डूबता है। दिन लंबे होने के कारण सड़कों, कंक्रीट की इमारतों और डामर को धूप सोखने के लिए कई एक्स्ट्रा घंटे मिल जाते हैं। सूरज डूबने के बाद भी यह गर्मी हवा में घुलती रहती है। जब रात का तापमान 20 डिग्री से ऊपर बना रहता है, तो उसे 'ट्रॉपिकल नाइट' कहा जाता है। ऐसी रातों में इंसानी शरीर दिनभर की थकान और गर्मी से खुद को रिकवर नहीं कर पाता है। यही वजह है कि थर्मामीटर पर भले ही आंकड़ा कम हो, लेकिन ब्रिटेन की यह गर्मी जानलेवा साबित हो रही है।

# भारत का वो गांव, जहां आज भी संस्कृत में बात करते हैं लोग

## छोटे-छोटे बच्चे भी समझते हैं भाषा!

**नई दिल्ली।** भारत में लोग अपने विचारों के आदान-प्रदान के लिए कई भाषा का प्रयोग करते हैं। एक समय था जब यहां संस्कृत में ही बातचीत की जाती थी। लेकिन, समय के साथ संस्कृत को मृत भाषा कहकर कई लोगों ने खारिज कर दिया। लेकिन, कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में एक गांव इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित कर रहा है। इस गांव का नाम है मत्तूर।



### रोजमर्रा की भाषा है संस्कृत

इस गांव में संस्कृत का प्रयोग डेली लाइफ में किया जाता है। दुकान पर सामान खरीदते समय दुकानदार और ग्राहक संस्कृत में बात करते हैं। पड़ोसियों से गपशप भी संस्कृत में होती है। बच्चों का खेलना और पढ़ना संस्कृत में होता है। और तो और गांव की पंचायत और सामाजिक कार्यक्रम भी संस्कृत में आयोजित होते हैं। मत्तूर की ख्याति पूरे भारत में फैली हुई है। कई भाषाविद् और संस्कृत प्रेमी यहां आकर अध्ययन करते हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाएं भी इस गांव को संस्कृत संरक्षण का प्रतीक मानती हैं।

### संस्कृत का महत्व

यहां संस्कृत को देवभाषा कहा जाता है। इसमें लिखे गए वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और कई शास्त्र आज भी ज्ञान का खजाना हैं। मत्तूर जैसे गांव साबित करते हैं कि संस्कृत मृत नहीं है। अगर सही तरीके से प्रयास किया जाए तो इसे रोजमर्रा की भाषा बनाया जा सकता है। हालांकि, मत्तूर को भी आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा पीढ़ी शहरों की ओर रुख कर रही है और हिंदी-अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ रहा है। गांव के बुजुर्ग इसे लेकर चिंतित हैं। वे चाहते हैं कि नई पीढ़ी संस्कृत को जीवित रखे।

### गांव की खासियत

मत्तूर में दुकानदार ग्राहकों से, किसान खेतों में, पुजारी मंदिर में और पड़ोसी घरों में संस्कृत में ही बात करते हैं। यहां के बच्चे स्कूल में संस्कृत पढ़ते हैं और खेलते समय भी आपस में संस्कृत में ही बातचीत करते हैं। 'नमस्ते' की जगह नमस्कार और कैसे हो की जगह कथम अस्ति जैसी बातें यहां आम हैं। मत्तूर के लोग संस्कृत को अपनी मातृभाषा मानते हैं। गांव में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य विषय बनाया गया है। गांव के बुजुर्ग बच्चों को घर पर भी संस्कृत बोलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। नतीजतन संस्कृत यहां सिर्फ किताबों या मंदिरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि जीवित भाषा बन गई है।

**मोटापे की वजह से आई हेल्थ प्रॉब्लम्स ने ले ली जान**

# बेटे को खूब खिलाते थे मां-बाप, वजन हुआ 117 किलो, हार्ट अटैक होते ही ले गई पुलिस

**न्यूयार्क।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक बेहद दुखद और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 7 साल के कैस्पर ओ'ब्रायन नाम के बच्चे की मौत हार्ट फेलियर से हो गई। बच्चे का वजन 117 किलो (255 पाउंड) था। पुलिस के अनुसार माता-पिता ने बच्चे को इतना अधिक खिला-खिलाकर मोटा कर दिया कि उसकी जान चली गई। माता-पिता डेमियन ओ'ब्रायन (40) और जेसिका ओ'ब्रायन (41) पर सेकंड डिग्री मर्डर, चाइल्ड एब्यूज और टॉर्चर के आरोप लगे हैं। पुलिस ने बताया कि बच्चे को डॉक्टर के पास कभी नहीं ले जाया गया। घर में गंदगी का माहौल था। बच्चे की 5 साल की बहन भी मोटी और गंदी हालत में मिली। दोनों बच्चों को स्कूल भी नहीं भेजा गया था।



**हरिभूमि माह जून 2026 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जून 2026 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com